दैनिक
# नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रायपुर, शनिवार 9 जनवरी 2021, कृष्ण पक्ष-दशमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-306 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

## आज बेबाक

अब भारत को विश्व गुरू बनने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। हमारे यहां गुरू घंटालों की बाढ़ सी आ गई है। ये सर्व ज्ञानी हर विषय के विशेषज्ञ होते हैं। चुनाव होते हैं तो राजनीतिक विश्लेषक बन जाते हैं। प्राकृतिक आपदा में आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ बनकर ज्ञान बघारते हैं। कोरोना फैला तो वायरस विशेषज्ञ से लेकर अर्थशास्त्री तक न जाने क्या-क्या बन गए? किसान आंदोलन के दौरान ये लोग कृषि विशेषज्ञ बन बैठे हैं। अब ये कोरोना वैक्सीन विशेषज्ञ बन गए हैं। भले ही कोई इन डेढ़ होशियारों को गंभीरता से न लें मगर ये ज्ञान बघारते रहते हैं।

# बुखार रहा तो नहीं होगा वैक्सीनेशन, डॉक्टर से लेनी होगी सलाह

- यह सिर्फ ऐहतियात कि दूसरे संक्रमित न हो जाएं
- राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. अमर सिंह ठाकुर की नवप्रदेश से खास बातचीत
- जो एसिंप्टोमेटिक व नहीं कराई जांच उनके संक्रमित होने की आशंका पर भी लगेगा टीका, इससे खतरा नहीं

*चंद्रशेखर धोटे*

**रायपुर।** राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. अमर सिंह ठाकुर ने बताया कि ड्राई रन के साथ ही प्रदेश में कोविड वैक्सीनेशन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। केंद्र का आदेश होते ही यह शुरू हो जाएगा।

नवप्रदेश के सवालों के जवाब में उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी व्यक्ति को बुखार रहा तो उसे टीका नहीं लगाया जाएगा। उसे डॉक्टर की सलाह लेने के लिए कहा जाएगा। यदि डॉक्टर को लगता है कि संबंधित व्यक्ति की कोराना जांच होनी चाहिए तो उसे जांच करानी होगी। हालांकि जांच कराना या नहीं कराना उस व्यक्ति की इच्छा पर निर्भर होगा। थर्मल स्क्रीनिंग से टेंप्रेचर सिर्फ इसलिए चेक होगा ताकि यदि कोई संक्रमित टीका लगवाने आता है तो उससे दूसरों को संक्रमित होने से बचाया जा सके। लेकिन एसिंप्टोमेटिक ऐसे लोग जिन्हें जांच न होने से अपने संक्रमित होने का पता नहीं है उन्हें टीका लग जाएगा। इससे कोई खतरा नहीं होगा।

### आइए डॉ. ठाकुर से जानते हैं टीकाकरण से जुड़े कुछ ऐसे ही अहम सवालों के बारे में...

***सवाल: प्रदेश में टीकाकरण को लेकर अब तक क्या तैयार हो चुकी है?***

**जवाब:** प्रदेश में कोविड टीकाकरण को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सभी लोगों के टीकाकरण के लिए 27 हजार 931 टीकाकरण केंद्र बनाए जाएंगे। प्रथम चरण चयनित लोगों के लिए होगा। इसमें 2 लाख 67 हजार हेल्थ तथा फ्रंट लाइन वर्कर्स का टीकाकरण होगा। इन सभी का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। ये संख्या बढ़ भी सकती है। प्रदेश में पहले चरण के लिए13 हजार टीकाकरण केंद्र बनाए जा चुके हैं। 8192 वैक्सीनेटर नियुक्त किए गए हैं। जरूरत पड़ी तो और सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भी मदद ली जाएगी। ऐसे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का डाटा तैयार किया जा रहा है।

***सवाल : टीकाकरण केंद्र में क्या-क्या होगा?***

**जवाब :** हर केंद्र पर पांच अधिकारी होंगे। पहला अधिकारी इच्छुक व्यक्ति का नाम व वैक्सीनेशन के लिए उसे प्राप्त मैसेज चेक करेगा। उसे सैनिटाजेशन व मास्क लगाने के लिए कहेगा। नाम मिलान होने पर व्यक्ति को अंदर भेजा जाएगा, जहां दूसरा अधिका फोटो आईडी से उसका मिलान करेगा। सही पाए जाने पर तीसरा अधिकारी टीका लगाएगा। इसके बाद व्यक्ति को पुनः दूसरे वाले अधिकारी के पास जाना होगा, जो उस व्यक्ति को टीका लगने की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करेगा। फिर चौथे व पांचवें क्रमांक के अधिकारी व्यक्ति को ऑनलाइन ऑब्जर्वेशन रूम में लेकर जाएंगे, जहां उसे आधा घंटा रुकना होगा। इस दौरान सबकुछ ठीक रहा टीका लगवाने वाले को घर जाने की अनुमति होगी। यदि तबीयत बिगड़ती है तो केंद्र पर ही इलाज होगा। रेफर की जरूरत पड़ी तो एंबुलेंस बुलाई जाएगी।

***सवाल : क्या एंटीबॉडी बन चुके शख्स का भी वैक्सीनेशन होगा?***

**जवाब :** डॉ. ठाकुर ने बताया कि वैक्सीनेशन के लिए एंटीबॉडी बने होने या न होने से कोई वास्ता नहीं है। वैज्ञानिकों का कहना है कि टीकाकरण के लिए इसके बारे में जानना जरूरी नहीं है। एंटीबॉडी के बारे में पता लगाना लंबी प्रक्रिया है। कोविड होने व यहां तक कि टीकाकरण के बाद भी जरूरी नहीं है कि सभी में एंटीबॉडी बन जाए।

***सवाल : क्या किसी ऐसे शख्स का भी वैक्सीनेशन हो जाएगा जो कोरोना से संक्रमित है पर एसिंप्टोमेटिक होने व जांच नहीं कराने के कारण उसे इसका पता नहीं है?***

**जवाब :** हां, ऐसे लोगों को भी टीका लगाया जाएगा। क्योंकि वैक्सीन कोरोना की दवाई नहीं है। बल्कि यह व्यक्ति में कोरोना के खिलाफ लड़ने की रोग प्रतिरोधक क्षमता निर्माण करती है। कोरोना संक्रमित को टीका लगने पर उसे साइड इफेक्ट नहीं होंगे।

***सवाल : क्या केंद्र पर आने वाले लोगों में कोरोना के लक्षणों को लेकर जांच भी होगी?***

**जवाब :** सिर्फ थर्मल स्क्रीनिंग से टेंप्रेचर चेक किया जाएगा। ऑक्सीजन चेक नहीं होगा। यदि बुखार रहा तो उसे डॉक्टर से सलाह लेने के लिए कहा जाएगा। यदि डॉक्टर को लगा तो वह उसे कोविड जांच के लिए कह सकते हैं। जांच कराना या नहीं टीका लगवाने की तरह स्वैच्छिक होगा।

## खास- खबर

### लखवी को पाक में 15 साल की जेल

**नई दिल्ली/ए.।** मुंबई हमले का मास्टरमाइंड और लश्कर कमांडर जकी-उर-रहमान लखवी को 15 साल जेल की सजा सुनाई गई है। पाकिस्तान की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। हाल ही में उसे पाकिस्तान में गिरफ्तार किया गया था। लखवी को आतंकियों की मदद और पैसे मुहैया कराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। लखवी ने हाफिज सईद के साथ मिलकर 26/11 के हमले की साजिश रची थी। लखवी को आतंकवादियों की मदद करने का दोषी पाया गया है। इससे पहले सीटीडी ने कहा था, लखवी पर एक दवाखाना चलाने, जुटाए गए धन का इस्तेमाल आतंकवाद के वित्त पोषण में करने का आरोप है।

### स्लोगन प्रतियोगिता के लिए 10 तक कर सकते हैं पंजीयन

**रायपुर/नवप्रदेश।** स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राज्य शासन के जनसम्पर्क विभाग द्वारा 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' और 'छत्तीसगढ़ी युवा' विषय पर स्लोगन प्रतियागिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी 10 जनवरी तक जनसम्पर्क विभाग की वेबसाइट में ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। स्लोगन स्व-लिखित होना चाहिए। नकल या कहीं और से लिए गए स्लोगन में किसी भी विवाद के मामले में प्रतिभागी जिम्मेदार होंगे। स्लोगन की वर्ण संख्या 250 निर्धारित है। स्लोगन की भाषा छत्तीसगढ़ी, हिन्दी एवं इंग्लिश होगी। इस प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित स्लोगन का उपयोग प्रचार-प्रसार हेतु किया जा सकेगा। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ 100 स्लोगन के लिए प्रतिभागियों को जनसम्पर्क विभाग द्वारा एक-एक हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

### भारत-ब्रिटेन विमान सेवा फिर शुरू होने के मद्देनजर दिल्ली सरकार का फैसला

# ब्रिटेन वेरिएंट से 82 संक्रमित, यात्रियों के पैसों से होगा अब एयरपोर्ट पर टेस्ट

**नई दिल्ली/(वार्ता)।** ब्रिटेन से विमान सेवा शुरू होने के बीच भारत में कोरोना वायरस कोविड-19 के ब्रिटेन में पाये गये नये वेरिएंट से संक्रमित लोगों की संख्या देश में बढ़कर अब 82 हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को जानकारी दी कि इन्साकॉग की 10 लैब में से छह लैब में की गयी जीनोम सिक्वेंसिंग से इन सभी संक्रमितों का पता चला है। इन्साकॉग की चार लैब एनसीबीएस, बेंगलुरु, सीडीएफडी हैदराबाद, आईएलएस भुवनेश्वर और एनसीसीएस पुणे में एक भी नमूना कोरोना वायरस के नये वेरिएंट से संक्रमित नहीं पाया गया है। वहीं दूसरी ओर फ्लाइट फिर शुरू होने के मद्देनजर दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने अहम आदेश जारी किया है। इसके मुताबिक यूके से आने वाले सभी यात्रियों का दिल्ली एयरपोर्ट पर आरटीपीसीआर टेस्ट अनिवार्य रूप से किया जाएगा और इसका खर्च भी वही यात्री देंगे। आदेश के मुताबिक, जो यात्री पॉजिटिव पाए जाएंगे, उन्हें एक अलग इंस्टीट्यूशनल आइसोलेशन फैसिलिटी में रखा जाएगा। इसके अलावा जो यात्री नेगेटिव पाए जाएंगे, ■ शेष पृष्ठ 6 पर



### परिजनों की हो रही ट्रैकिंग

मंत्रालय ने बताया कि संबंधित राज्य इन सभी संक्रमितों को अलग-अलग कमरे में आइसोलेशन में रख रहे हैं। उनके करीबी लोगों को भी क्वारंटीन में रखा गया है। उनके साथ ब्रिटेन से भारत आने वाले सहयात्रियों और परिजनों की ट्रैकिंग की जा रही है।

### कर्नाटक में सोमवार से कोरोना टीके का वितरण शुरू होगा : सुधाकर

कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री डा. डी के सुधाकर ने कहा है कि राज्य को शनिवार तक कोरोना वायरस टीके की 13,90,000 खुराक मिल जाएगी तथा सोमवार तक यह सभी जिलों में उपलब्ध हो जाएगी। डॉ. सुधाकर ने शुक्रवार को यहां कोरोना वैक्सीन की उपलब्धता के पहले चरण में वैक्सीन के वितरण के लिए कर्नाटक के नाम पर विचार करने के वास्ते केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वह टीकाकरण पूर्वाभ्यास के दूसरे चरण तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), स्वास्थ्य केंद्रों, निजी अस्पतालों आदि की तैयारियों की देखरेख करने के लिए चिक्कबल्लापुर में थे। उन्होंने दावा किया कि राज्य हरेक और सभी के लिए वैक्सीन हासिल करने और इसे प्रभावी तरीके से वितरित करने के वास्ते पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि कोरोना टीके की 13,90,000 खुराक मिलने की उम्मीद है और इसे सभी जिलों में वितरित कर दिया जाएगा। डा. सुधाकर ने कहा कि सबसे पहले स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया जाएगा।

### आठवें दौर की बातचीत भी बेनतीजा

# किसानों को 15 जनवरी से 'स्वतंत्रता' की आस

- अन्नदाता कृषि कानूनों की वापसी पर अड़े
- तोमर बोले- वैकल्पिक प्रस्ताव पर होगा विचार

**नई दिल्ली/ए.।** नए कृषि कानूनों पर कायम गतिरोध के बीच शुक्रवार को हुई केंद्र सरकार और किसान संगठनों के बीच आठवें दौर की वार्ता भी बेनतीजा रही। अब नौवें दौर की बैठक 15 जनवरी को होगी। किसानों को अब इस तारीख से कृषि कानूनों से 'स्वतंत्रता' की आस है। हालांकि केंद्र के रुख से ऐसा संभव होता नहीं दिख रहा। बैठक के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि अगर किसान संगठन बिल वापसी के अतिरिक्त कोई वैकल्पिक प्रस्ताव देते हैं तो उस पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। बैठक के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि किसान यूनियनों के साथ तीनों कृषि कानूनों पर गहन चर्चा हुई, लेकिन फिर भी कोई समाधान नहीं निकल सका। सरकार की तरफसे कहा गया कि कानूनों को वापस लेने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

#### बहुत से लोग इन कानूनों के पक्ष में : कृषिमंत्री

उन्होंने कहा कि विरोध कर रहे लोगों का मानना है कि इन कानूनों को वापस लिया जाए, लेकिन देश में बहुत से लोग इन कानूनों के पक्ष में हैं। उम्मीद है अगली बैठक में हमारे पास एक नया प्रस्ताव आएगा और इस मामले का हल खोजा जाएगा। हम इसे जल्द से जल्द हल करने की कोशिश करेंगे।

# सरकार कानून से चलती है, व्यक्ति विशेष से नहीं : झारखंड हाईकोर्ट

- लालू यादव को रिम्स निदेशक बंगले में शिफ्ट करने पर कहा

**रांची/ए.।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को कोरोना संक्रमण के खतरे से बचाने के लिए बिना किसी अन्य विकल्पों पर चर्चा और उच्च अधिकारियों से विचार- विमर्श किए बिना रिम्स के निदेशक बंगले में शिफ्ट किए जाने पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट ने गंभीर टिप्पणी की है। जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की अदालत ने जेल मैनुअल उल्लंघन से संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सरकार कानून से चलती है, व्यक्ति विशेष से नहीं। कोर्ट ने कहा कि रिम्स प्रबंधन ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि लालू प्रसाद को निदेशक बंगला में शिफ्ट करने के पहले और कौन से विकल्पों पर विचार किया था और निदेशक बंगले को ही क्यों चुना गया। रिम्स निदेशक को कुछ और विकल्पों पर गौर करना चाहिए था। नियमों और प्रावधानों के अनुसार ही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

#### जेल आईजी ने रिपोर्ट में ये बताया

शुक्रवार को सुनवाई के दौरान जेल आईजी की ओर से रिपोर्ट पेश की गयी। इसमें बताया गया कि रिम्स प्रबंधन ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए लालू प्रसाद को निदेशक बंगले में शिफ्ट किया था। बताया गया कि जेल से बाहर ईलाज के लिए यदि कैदी शिफ्ट किए जाते हैं तो उसकी सुरक्षा और उसके लिए क्या व्यवस्था होगी।

### कोरोना वैक्सीन पर पीएम 11 को करेंगे मुख्यमंत्रियों से बात

**नई दिल्ली/ए.।** कोरोना वैक्सीन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। 11 जनवरी की शाम 4 बजे यह बैठक होगी। यह बैठक ऐसे वक्त हो रही है, जब दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में कोरोना वैक्सीन की पहली खेप पहुंचने वाली है। जनवरी मध्य के बाद से कोरोना वैक्सीन का टीकाकरण भी शुरू हो सकता है. केंद्र सरकार ने यह तो स्पष्ट कर दिया है कि 3 करोड़ हेल्थ वर्कर और फ्रंटलाइन वर्करों को टीका मुफ्त में लगाया जाएगा। केंद्र सरकार ने यह तो स्पष्ट कर दिया है कि 3 करोड़ हेल्थ वर्कर और फ्रंटलाइन वर्करों को टीका मुफ्त में लगाया जाएगा। लेकिन पहले चरण में जिन बाकी 27 करोड़ लोगों का टीकाकरण होना है, उन्हें टीका मुफ्त मिलेगा या नहीं, इस पर अभी कोई स्पष्टता नहीं है।

### मुलाकात भी, मंथन भी...

रायपुर(नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शुक्रवार को मंत्री अमरजीत भगत के नेतृतव में इंडिया-जापान फाउण्डेशन के चेयरमैन विभवकांत उपाध्याय ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने इंडिया-जापान वैश्विक साझेदारी और छत्तीसगढ़ की भूमिका विषय पर विस्तार से चर्चा की।

**निर्माण** | श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के विशेष आमंत्रित सदस्य दिनेश ने बताया

# दो साल में तैयार होगी राम मंदिर की पहली मंजिल

**सहारनपुर/(वार्ता)।** दुनिया भर में करोड़ों हिन्दुओं की आस्था के प्रतीक भव्य राम मंदिर की पहली मंजिल का निर्माण कार्य अगले दो सालों में पूरा होने की उम्मीद है। विश्व हिंदू परिषद(विहिप) के शीर्ष नेताओं में से एक एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के विशेष आमंत्रित सदस्य दिनेश ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा कि श्रीराम के भक्तों की अयोध्या में उनके जन्म स्थान पर भव्य मंदिर निर्माण और रामलला के दर्शन करने की इच्छा डेढ़-दो साल के भीतर हो जाने वाली है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के विशेष आमंत्रित सदस्य दिनेश कुमार ने सहारनपुर में 60 बीघा जमीन पर बने शिवधाम मंदिर निर्माण का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि उनकी इस भव्य निर्माण को देखने की दो वर्ष से इच्छा थी जो आज जाकर पूरी हुई।

#### जितनी भी लिखी गईं रामायण, वे सभी होंगी संग्रहालय में

दिनेश अग्रवाल ने बताया कि विश्वभर में जितनी भी रामायण लिखी गई हैं उन सभी को वहां एक संग्रहालय बनाकर उसमें रखा जाएगा और देश-दुनिया से वहां पहुंचने वाले ज्ञान पिपासू राम जन्म मंदिर परिसर में स्थापित शोध केंद्र में भगवान श्रीराम पर अनुसंधान और अध्ययन कर सकेंगे। उनके रहने खाने की तमाम सुविधा वहां मुहैया कराई जाएगी ।

#### कम से कम पांच लाख गांवों से धन संग्रहण का लक्ष्य

उन्होंने कहा कि जन्मभूमि पर पूरा मंदिर बनने में पांच से छह वर्ष लगेंगे। उन्होंने कहा कि इस मंदिर निर्माण से हिंदुओं की 500 सौ साल पुरानी इच्छा और मांग पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण पर करीब 10 हजार करोड़ रूपए की लागत आएगी। मंदिर ट्रस्ट की योजना है कि निर्माण में आने वाली लागत की धनराशि आम हिंदुजनों से एकत्रित की जाएगी।

#### माता सीता का भी बनेगा भव्य मंदिर

उन्होने कहा कि माता सीता द्वारा खुद को भूमि में समाए जाने के बाद अयोध्या हमेशा उजड़ी और सूनी रही। साधु-संतों और धर्माचार्यों की मंशा के मुताबिक अयोध्या के सूनेपन को दूर करने के लिए माता सीता का भी भव्य मंदिर बनेगा। उन्होंने कहा कि जन्मभूमि स्थल पर डेढ़-दो साल के भीतर मंदिर के एक मंजिल का निर्माण पूरा हो जाएगा और रामलला वहां स्थापित हो जाएंगे। उसके बाद देश-दुनिया के रामभक्त वहां पहुंचकर अपनी आस्था के मुताबिक भगवान श्रीराम के दर्शन कर सकेंगे और पूजा-अर्चना भी कर सकेंगे।

### अब आर्मी स्टाफ ऑनलाइन खरीद सकेंगे कीमती सामान

**नई दिल्ली/ए.।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीएसडी कैंटीन के जरिये वाशिंग मशीन, माइक्रोवेव ओवन, फ्रिज, एयर कंडिशनर, टीवी और लैपटॉप समेत कीमती समानों की ऑनलाइन ब्रिकी के लिये शुक्रवार को एक पोर्टल लांच किया। सिंह ने ट्विटर पर लिखा, 'पोर्टल से लगभग 45 लाख सीएसडी (कैंटीन स्टोर्स डिपार्टमेंट) लाभार्थी घर बैठे एएफडी-1 सामान खरीद सकेंगे।'' एएफडी-1 श्रेणी में उपरोक्त सामानों के अलावा एयर प्यूरीफायर, होम थियेटर, मोबाइल फोन इत्यादि कीमती सामान आते हैं। सीएसडी कैंटीनों का इस्तेमाल सशस्त्र सुरक्षा बलों के कर्मी और पूर्व कर्मचारी करते हैं। राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया, 'सरकार सशस्त्र बलों के सभी जवानों और अधिकारियों तथा पूर्व कर्मियों के कल्याण के लिये प्रतिबद्ध है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

**राजनाथ सिंह ने किया पोर्टल लॉन्च, मिलेगा सीएसडी कैंटीन का लाभ**

## न्यूज गैलरी

### 3 दुकानों के लिए मंगाया दावा आपत्ति

**दुर्ग।** निगम बाजार विभाग से प्रापत जानकारी अनुसार निगम द्वारा नया बस स्टैण्ड में स्थित रिक्त 3 मुख्यमंत्री स्वावलंबन की दुकानों के लिए 5 नवंबर 2020 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसके तहत् दुकान क्रं. 18 अनारक्षित, क्रं. 29 अनुजनजाति, क्रं. 30 अनारक्षित के लिए आवेदन मंगाया गया था। जिसमें अरशद खोखर तकियापारा का दो आवेदन, नाजरा बानो सुभाष नगर, अब्दुल हमीद खान दीपक नगर गली नं. 05, आकाश मानिकपुरी जनता मार्केट पदमनाभपुर, अश्वनी खाण्डेकर सिद्धार्थ नगर और किरण नागरे गयानगर कोष्ट तालाब वार्ड क्रं. 5 का आवेदन पात्रता की सूची में दर्ज किया गया है।

### सिलाई मशीन भेंट

**कुम्हारी।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड 14 के महिला समूह को उनके माँग पर पार्षद के अनुशंसा पर पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने मुख्यमंत्री कार्यालय से सिलाई मशीन पालिका मंगवाया और उसे पालिका में महिला समूह को वितरण किया गया। सिलाई मशीन पा कर महिला समुह ने सभी जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस दौरान मनीष बंछोर ओएसडी मुख्यमंत्री, राजेश्वर सोनकर अध्यक्ष नपाप, के रवि कुमार उपाध्यक्ष, ओमनारायण वर्मा पार्षद, नीतू रावते, मनहरण यादव के द्वारा वितरण किया गया।

# शहीद पार्क का 12 को मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

नवप्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** शहीद पार्क तैयार हो गया है। इसमें सरदार भगत सिंह की देश की सबसे बड़ी गन मेटल की मूर्ति लगाई गई है। साथ ही छत्तीसगढ़ बनने के बाद से देश भर में शहीद 1270 जवानों के नाम भी श्रद्धांजलि स्वरूप अंकित किये गये हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पार्क का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री रिसाली निगम के कार्यालय का शुभारंभ भी करेंगे। भिलाई में अमृत मिशन के कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे। इस अवसर पर जिले के नगरीय निकायों में अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन तथा पट्टा वितरण का कार्यक्रम भी होगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज लोकार्पित होने वाले स्थलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया। इस मौके पर भिलाई आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी एवं रिसाली आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। लोकार्पण कार्यक्रम की सबसे प्रमुख विशेषता प्रतिमा का अनावरण होगी। मुख्यमंत्री प्रतिमा अनावरण करेंगे और धीरे.धीरे खास टेक्नीक से प्रतिमा लोगों के सामने अनावृत्त होगी। मुख्यमंत्री श्रद्धासुमन भी अर्पित करेंगे। इस मौके पर लेजर शो भी दिखाया जाएगा जो सरदार भगत सिंह के जीवन के विशेष क्षणों से लिया गया है। उल्लेखनीय है कि सरदार भगत सिंह की गन मेटल की यह प्रतिमा 25 फीट की है जो उनकी देश की सबसे ऊँची गनमेटल प्रतिमा है। यहाँ पर सौ फीट तिरंगा भी लहरायेगा। म्यूजिकल फाउंटेन के माध्यम से भी लोगों का मनोरंजन किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. भुरे ने आज शहीद पार्क में कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया।

# केनाल रोड में फिर से कब्जा करने वालों के खिलाफ चला अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** निगम क्षेत्र अंतर्गत केनाल रोड निर्माण में प्रभावितों को प्रधानमंत्री आवास में मकान आबंटित होने के बाद भी कब्जा नहीं छोड़ने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई। जिस स्थान से हटाया गया था वहां पर पुनः अवैध निर्माण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए मकानों को तोड़कर बेदखली की कार्यवाही की गई।

रमा साहू द्वारा केनाल रोड के किनारे दो तला मकान बना लिये थे तथा एक व्यक्ति द्वारा दीवार बनाकर बाउंड्रीवाल बना रहा था जिसे जेसीबी से तोड़कर बेदखली की कार्यवाही की गई। जोन आयुक्त ने इस तरह और भी जो लोग पुनः कब्जा कर रहे है, उसका निरीक्षण शीघ्र ही तोड़ने की कार्यवाही करने निर्देश दिए है। जोन 04 शिवाजीनगर क्षेत्रांतर्गत केनाल रोड निर्माण के दौरान हटाए गए लोगों द्वारा पुनः अवैध निर्माण करते हुए पाए जाने पर जोन के राजस्व विभाग की टीम ने तोड़फोड़ की कार्यवाही किए।

जोन 04 के सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू ने बताया कि केनाल रोड से प्रभावितों को प्रधानमंत्री आवास के तहत मकान आबंटन किया गया है। योजना में मकान आबंटन होने के बाद भी कई लोगों द्वारा कब्जा नहीं छोड़ा गया है तथा पहले सड़क निर्माण के दौरान तोड़े हुए मकान को पुनः निर्माण किया जा रहा है।

ऐसे लोगों के मकानों को चिन्हित कर उन लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। जोन की तोड़फोड़ टीम व जेसीबी के साथ विभागीय अधिकारी केनाल रोड पहुंचे जहां 3 लोगों के द्वारा तोड़े हुए मकान को फिर बनाया जा रहा थाए जिसे जोन आयुक्त व उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद जेसीबी से तोड़फोड़ कर बेदखली की कार्यवाही की गई।

# वोरा ने रेलवे जीएम से लोकल ट्रेनों को शुरू करने की चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** विधायक अरुण वोरा ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे रेलवे जोन के महाप्रबंधक गौतम बैनर्जी से आज मुलाकात की और लोकल ट्रेन चलाने की मांग की है। वोरा ने अंडरब्रिज निर्माण कार्य की सुस्त रफ्तार में तेजी लाने सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की। बैनर्जी ने वोरा को आश्वस्त करते हुए कहा है कि सभी मांगों पर उचित पहल की जाएगी। चर्चा के दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल मौजूद थे। वोरा ने चर्चा के दौरान महाप्रबंधक से कहा कि लोकल ट्रेनों को पर्याप्त सेनिटाइजेशन के साथ शुरू किया जाना चाहिए। लोकल ट्रेनों का संचालन बंद होने से रायपुर सहित अन्य स्थानों के लिए लोकल ट्रेन से आवाजाही करने वाले आम जनता के बहुत बड़े वर्ग को परेशानी हो रही है। वोरा ने कहा कि दूसरी ट्रेनों की तरह लोकल ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाना चाहिए। इसके लिए सेनिटाइजेशन सहित अन्य आवश्यक इंतजाम किये जाएं। वोरा ने महाप्रबंधक से बताया कि धमधा नाका और रायपुर नाका में अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पिछले एक साल से बंद पड़ा था। यह काम दोबारा शुरू हो चुका है लेकिन निर्माण कार्य की धीमी गति से नागरिक परेशान हैं। वोरा ने अंडरब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने की मांग की है। इसी तरह वोरा ने पटरीपार के रहवासियों के लिए रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 में सर्वसुविधायुक्त टिकिट काउंटर शुरू करने कहा। वोरा ने कहा कि टिकट काउंटर पहले खोला गया था जिसे बाद में बंद कर दिया गया। पटरीपार के लोगों को टिकट आदि की सुविधा के लिए काफी लंबा रास्ता तय करना पड़ता है और मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। वोरा ने पटरीपार से रेलवे स्टेशन आने वाले फूट ओवरब्रिज को बंद करने से नागरिकों को परेशानी का हवाला देकर इसे चालू करने की मांग की।

# चंद घंटों में पकड़ाए डकैत

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** बाजार चौक रसमडा के पास कल शाम को युवक के साथ मारपीट कर उसका मोबाइल एवं नगदी 10 हजार ऊपर लूटने वाले डकैतों को चंद घंटों में ही अंजोरा पुलिस द्वारा पकड़ा गया। सभी साथ डकैतों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसमें तीन आरोपी नाबालिग बताए गए हैं। नगर पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने बताया कि कल शाम को प्रार्थी महेश कुमावत निवासी एम एम एम ई इंजीनियरिंग कॉलेज रसमड़ा चौकी अंजोरा को रसमड़ा स्थित हिताची एटीएम से 3000 निकालकर राशन सब्जी खरीद कर अकेले अपनी कंपनी की ओर जा रहा था कि रास्ते में रेवा दुकान के पास बाजार चौक रसमड़ा के पास 6-7 की संख्या में कुछ लड़कों ने उसे घेर कर रोका और हाथ मुक्का से मारपीट की। उनके दोनों आंखों को हाथ से बंद कर डरा धमका कर युवक की जेब में रखें पर्स सहित 10 हजार एवं काले रंग के मोबाइल कीमत 7 हजार कुल कीमत 17 हजार छीन कर भाग गए। इस घटना के तत्काल रिपोर्ट युवक द्वारा अंजोरा चौकी में दर्ज कराई गई।

---

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती संगीता साहू पति इमेन्द्र कुमार साहू निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 275/132 रकबा 0.006 हे. भूमि को विक्रेता मो. अकरम पिता अब्दुल रहमान निवासी ग्राम आपापुरा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 09.06.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती उषा ठाकुर ध.प. अरविन्द सिंह ठाकुर निवासी म.न. 857 मॉडल टाउन मोतीलाल नेहरुनगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग की हूं। मेरी बेटी आस्था ठाकुर आ. अरविन्द सिंह ठाकुर का जन्म दिनांक 01.02.2012 को पं. जवाहर लाल नेहरु अनुसंधान केन्द्र सेक्टर 09 अस्पताल भिलाई तह. व जिला दुर्ग में हुआ था। उक्त जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम श्रीमती पायल ठाकुर ध.प. अरविन्द सिंह ठाकुर दर्ज है जो गलत है। मेरा सही नाम श्रीमती उषा ठाकुर ध.प. अरविन्द सिंह ठाकुर है और मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, शैक्षणिक दस्तावेजो में एवं आधार कार्ड, पेन कार्ड, निर्वाचन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा यही नाम दर्ज है और मैं श्रीमती उषा ठाकुर ध.प. अरविन्द सिंह ठाकुर के नाम से जानी व पहचानी जाती हूं। मैं मेरी बेटी आस्था ठाकुर आ. अरविन्द सिंह ठाकुर के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा गलत नाम श्रीमती पायल ठाकुर ध.प. अरविन्द ठाकुर को सुधारवाकर मेरा सही नाम श्रीमती उषा ठाकुर ध.प. अरविन्द सिंह ठाकुर करवाना चाहती हूं। उपरोक्त के समर्थन में यह शपथपत्र सक्षम न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोद्य दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के समक्ष प्रस्तुत हैं।

स्थान - दुर्ग

दिनांक- 23.12.2020

मुहर — शपथकर्ती श्रीमती उषा ठाकुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री विजय वामन राव देशपाण्डे आ. डब्ल्यू.डी. देशपाण्डेय साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 270/2 रकबा 0.154 हे. भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड में त्रुटिपूर्ण नाम वश विजय नारायण आ. डब्ल्यू.डी. देशपाण्डेय दर्ज हो गया है। जिसके सुधार करने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि का त्रुटि सुधार किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25.01.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री कलाराम राजपूत पिता गोरेलाल राजपूत साकिन रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 85/33 रकबा 0.002 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता श्रीमती नूपुर पाणीग्राही से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22.01.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक नामदेव मस्की आ. ढोन्डू जी मस्की साकिन सेक्टर 06 भिलाई द्वारा ग्राम कुठेलाभाठा प.ह.न. 11 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 23/2 का टु. रकबा 0.01 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता आस्था डेवलपर्स एण्ड कॉलोनाईजर से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25.01.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती वीनू श्रीवास्तव आ./पति श्री विष्णुशरण प्रसाद साकिन सेक्टर 10 भिलाई द्वारा ग्राम कुठेलाभाठा प.ह.न. 11 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 23/2 का टु. रकबा 0.01 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता आस्था डेवलपर्स एण्ड कॉलोनाईजर से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25.01.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती संध्या सपहा जौजे श्री दीपक कुमार साकिन सेक्टर 07 भिलाई द्वारा ग्राम कुठेलाभाठा प.ह.न. 11 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 23/3 का टु. रकबा 0.01 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता आस्था डेवलपर्स एण्ड कॉलोनाईजर से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25.01.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अकीला शेख आ./पति श्री शेख मुख्तियार साकिन मोदहापारा रायपुर द्वारा ग्राम कुठेलाभाठा प.ह.न. 11 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 23/2 का टु. रकबा 0.01 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता आस्था डेवलपर्स एण्ड कॉलोनाईजर से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25.01.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रुखमणी साहू आ./पति श्री बेदूराम साहू साकिन रिसाली भिलाई द्वारा ग्राम कुठेलाभाठा प.ह.न. 11 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 23/2 का टु. रकबा 0.01 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता आस्था डेवलपर्स एण्ड कॉलोनाईजर से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25.01.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री विकास कुमार आ. श्री हरिहर दयाल सिंह साकिन पटना बिहार द्वारा ग्राम कुठेलाभाठा प.ह.न. 11 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 23/3 का टु. रकबा 0.01 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता आस्था डेवलपर्स एण्ड कॉलोनाईजर से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25.01.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री केशव प्रकाश सोनेल आ. श्री रामाधार सोनेल साकिन रिसाली भिलाई द्वारा ग्राम कुठेलाभाठा प.ह.न. 11 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 23/3 का टु. रकबा 1425 वर्गफीट को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता आस्था डेवलपर्स एण्ड कॉलोनाईजर से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25.01.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री नामदेव मस्की आ. श्री ढोन्डु जी मस्की साकिन से-06 भिलाई द्वारा ग्राम कुठेलाभाठा प.ह.न. 11 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 23/3 का टु. रकबा 0.01 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता आस्था डेवलपर्स एण्ड कॉलोनाईजर से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25.01.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका उर्वशी गहिरवार पति योगेश गहिरवार वगै. साकिन रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 215/1 मे से रकबा 0.014 हें भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 31.10.2020 के आधार पर विक्रेता मनीष कोठारी पिता भीखमचंद कोठारी के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 14.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 01.01.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमिन साहू पिता श्री यशवंत कुमार साकिन श्याम नगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 715/36 मे से रकबा 0.016 हें भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 07.11.2020 के आधार पर विक्रेता दीनदयाल शर्मा पिता स्व. रामनरेश शर्मा के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 14.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 01.01.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आनिमी निर्मला पिता/पति ए पशुपति राव वगै. साकिन आजाद मार्केट रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 672/75 रकबा 0.010 हें भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 21.12.2020 के आधार पर विक्रेता सलमान खान पिता अब्बू खान के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 14.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 01.01.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हर्षल यादव पिता विजय कुमार यादव साकिन स्मृति नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 257/71 मे से रकबा 0.015 हें भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.10.2020 के आधार पर विक्रेता रमेश कुमार ठाकुर पिता स्व. सतानंद ठाकुर के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 14.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 01.01.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

पंजी. 202101100400106

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सविता दहिया पति नरेश दहिया निवासी आर्यनगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 25 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 594/12 रकबा 0.037 हें के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

पंजी. 202101100400116

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री संतोष कुमार साहू आ. सेवाराम साहू निवासी हथखोज पारा उतई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 41 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 581/29 रकबा 0.0100 हें 1155 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका मुस्कान तिवारी पिता/पति रवि तिवारी निवासी म.न. 2/94 कोटा स्टेडियम के पास रायपुर के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम भोथली प.ह.न. 58 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 214/17 रकबा 0.0186 हें. अर्थात 2000 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.01.2021 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका वर्षा बेन पटेल पिता/पति सुभाष भाई पटेल निवासी डी.एम.सी. तालाब पारा वार्ड 18 कुम्हारी जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम कुगदा प.ह.न. 059 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 47/18 रकबा 0.0120 हें. अर्थात 1300 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.01.2021 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक युगल किशोर उपाध्याय पिता द्वारिका प्रसाद उपाध्याय निवासी गणेश चौक रायपुरा जिला रायपुर के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम सांकरा प.ह.न. 08 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 501/47 रकबा 0.010 हें. अर्थात 1553 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.01.2021 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका नेहा चंद्राकर पिता/पति युगल किशोर चंद्राकर निवासी सांतरा जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम भोथली प.ह.न. 058 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 217/29 रकबा 0.010 हें. अर्थात 1000 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.01.2021 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक राजेश कुमार कन्नौजे पिता सुरेश कुमार कन्नौजे निवासी 1614 रौनक भवन प्लाट नं. 1 शांति नगर सुपेला जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम मगरघाटा प.ह.न. 58 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 405/5 रकबा 0.0100 हें. अर्थात 1150 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.01.2021 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक प्रमोद कुमार कन्नौजे पिता एल.एल. पोद्दार निवासी 118 कैलाश नगर एकता चौक के पास आई.ई भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम मगरघाटा प.ह.न. 58 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 405/6 रकबा 0.0090 हें. अर्थात 1050 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.01.2021 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

## न्यूज गैलरी

### हाईवा की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायपुर।** तेज रफ्तार हाईवा वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवकी की घटना स्थल पर ही मौत हो जाने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार भलेसर बेरला बेमेतरा निवासी सुरेन्द्र कुमार वर्मा 26 वर्ष पिता श्रीराम वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी अपने साथी चम्मन यादव 23 वर्ष पिता टोहन यादव निवासी भलेसर बेरला के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा था तभी 07 जनवरी को शाम 5 बजे मेटलपार्क रोड 6 के पास अछोली में तेज रफ्तार हाईवा क्रमांक सीजी 04 जेसी 1695 के चालक रेखाराम साहु निवासी महासमुंद ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते घटना स्थल पर ही बाईक चला रहे चम्मन यादव की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने हाईवा चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### ऑटो पलटने की वजह से चालक की मौत

**रायपुर।** रोड एक्सीडेन्ट में ऑटो चालक की इलाज के दौरान मौत हो जाने की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में लिया था। मिली जानकारी के अनुसार 07 अक्टूबर 2020 को दोपहर 2 बजे के आस-पास अपनी आटों क्रमांक सीजी 04 एचएक्स 7357 सड्डू से मोवा लोधीपारा की ओर जाते समय मेन रोड मोवा बाजार थानूराम धीवर के मकान के पास कार को साईड देते समय मोड़ने से अचानक ऑटो को अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके चलते ऑटो चालक गणेशराम यादव 44 वर्ष पिता खोरबहरा यादव निवासी सुंदरीपारा मोवा पण्डरी का सिर नीचे पड़ पत्थर से टकरा जाने उसे उसे अंदरुनी चोट लगी। जिसे इलाज के लिये मेकाहारा एवं डीकेएस अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड में गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो जाने की बात सामने आयी। जांच में घटना स्थल का निरीक्षण एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मृतक के द्वारा लापरवाही पूर्वक ऑटो चलाने की बात सामने आने पर उसके खिलाफ अपराध कायम किया गया है।

### घर में घुसकर दो लड़कियों के साथ मारपीट,मामला दर्ज

**रायपुर।** घर में घुसकर दो लड़कियों के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट सिविललाईन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार गांधी मिशन जगन्नाथनगर पण्डरी निवासी कनक सेन 35 वर्ष पति संतोष सेन ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थिया के घर में जबरन प्रवेशकर किशोर भतरा,बाबी महानंद एवं कुंती महानंद ने मुझे छक्का बोलते हो कहकर पीड़िता की दोनों बेटियों के साथ मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### नास्ता करते समय टेबल पर रखा मोबाइल पार, केस दर्ज

**रायपुर।** ठेला में नास्ता करते समय टेबल पर रखा मोबाईल चोरी कर लेने की रिपोर्ट सिविललाईन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार न्यू शांतिनगर रायपुर निवासी मुरलीधर बचवानी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 5 जनवरी को सायकस जिम के पास स्थित नास्ता ठेला शंकरनगर में नास्ता करते समय अपनी मोबाईल सेमसंग गैलक्सी नोट 10 लाईट कीमत 30 हजार रुपये को टेबल पर रखकर पानी पी रहा था,इसी दौरान किसी ने मोबाईल चोरी कर लिया। नास्ता करते समय प्रार्थी के अलावा ठेला पर और कोई नही था। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

फील्ड वर्कर्स व मीडिया के संवेदीकरण पर आयोजित वेबीनार में बोले डॉ. नागरकर व डॉ. ठाकुर

# कोविड वैक्सीनेशन के लिए सभी को करना होगा प्रेरित

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** एम्स रायपुर के निदेशक डॉ (प्रो.) नितिन एम नागरकर ने कहा कि कोविड वैक्सीनेशन के लिए डॉक्टर, फील्र्ड वर्कर्स के साथ ही मीडिया को मिलकर समाज के हर शख्स को प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपनी बारी आने पर वैक्सीनेशन के लिए पहुंचना होगा। इसमें मीडिया की बड़ी भूमिका होगी। मीडिया को लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करना होगा। वहीं राज्य टीकाकरण अधिकारी अमर सिंह ठाकुर ने कहा कि टीकाकरण को लेकर भ्रांतियों को दूर करने के लिए मीडिया को लोगों तक सही, वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित तथा पारदर्शी जानकारी पहुंचानी होगी। यह ध्यान में रखना होगा कोई सूचना लोगों के विश्वास को कमजोर न कर दें।

डॉ. नागरकर तथा डॉ. ठाकुर शुक्रवार को कोविड वैक्सीनेशन को लेकर मीडिया तथा फील्ड वर्कर्स के लिए आयोजित संवेदीकरण आधारित वेबीनार में बोल रहे थे। दोनों विशेषज्ञ द्वय ने इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के सवालों के जवाब भी दिए। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो तथा रिजनल आउटरिच ब्यूरो के द्वारा इस वेबीनार का आयोजन किया गया था। इसमें स्वास्थ्य विभाग के फील्ड वर्कर्स, मीडियाकर्मियों के साथ ही विद्यार्थी, समाजसेवियों तथा छात्रों ने भी भाग लिया।

#### कॉन्फिडेंस बिल्डिंग बेहद जरूरी

डॉ. नागरकर ने बताया इस भारत सरकार द्वारा अप्रूव्ड कोरोना की दोनों वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हमारा देश ड्रग तथा वैक्सीन रिसर्च में अग्रणी रहा है। और इन दोनों चीजों का देश से बड़ी संख्या में निर्यात भी होता है। लिहाजा कोविशील्ड तथा कोवैक्सीन को लेकर हमारे मन में शंका नहीं रहनी चाहिए। हां, जैसा कि अब तक के टीकों के साथ हुआ, लगाने पर सूजन तथा हल्का बुखार आ सकता है। लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है। अपने भरोसा तथा मनोबल ऊंचा बनाए रखना है।

#### वैक्सीन कंपलसरी नहीं पर हमें समझनी होगी अपनी जिम्मेदारी

डॉ. नागरकर ने कहा कि वैक्सीन कंपलसरी नहीं है, लेकिन खुद की तथा समाज की सुरक्षा के लिए हमें अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। और खुद होकर टीकाकरण के लिए जाना होगा। क्योंकि कोरोना से निपटने इसके अलावा हमारे पास कोई और दूसरा हथियार नहीं है।

## शिटिंग

रायपुर( नवप्रदेश)। भाठागांव में सड़क चौड़ीकरण के मद्देनजर ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग कार्य किया गया ।

# 11 से 23 तक ऑनलाइन प्लेसमेंट कैंप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 से 23 जनवरी तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र ,पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर ,जी ई रोड रायपुर में ऑनलाइन प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया गया है। कैंप के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक आर एस डी एस पी सी टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा स्टेट जोनल एवं डिस्ट्रिक्ट, फील्ड इंचार्ज ,ब्लॉक फील्ड कोऑर्डिनेटर, कंप्यूटर टीचर, टेलीकॉलर, कंप्यूटर आपरेटर एवं रिसेप्शनिस्ट के 8000 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार कार्यालय के उप संचालक ने बताया कि उक्त पदों के लिए न्यूनतम 12वीं एवं कंप्यूटर विषयों के साथ स्नातक तथा कंप्यूटर डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की भर्ती की जाएगी। जिसका वेतनमान 9000 से 40500 प्रतिमाह की दर पर होगी।

### हत्या के बाद जला दी लाश, फैली सनसनी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के चंगोराभाठा इलाके में आज सुबह एक युवक की जली हुई लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। अज्ञात आरोपियों ने हत्या के बाद लाश को जला दिया है ताकि उसकी पहचान भी न हो सके।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह चंगोराभाठा स्थित ग्रीन सिटी के पीछे जली हुई लाश मिली। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आईसीएआई मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी 14 को

**रायपुर।** सेंट्रल इंडिया रिजनल काउंसिल ऑफ आईसीएआई ने कोविड 19 महामारी की स्थिति के संदर्भ में अपनी सामाजिक जिम्मेदारी और रक्तदान की आवश्यकता को महसूस करते हुए कानपुर सहित सात राज्यों की 47 शाखाओं 23 चेप्टरों के साथ 101 स्थानों पर 14 जनवरी को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के मध्य मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा। उक्त रक्तदान शिविर का आयोजन रायपुर स्थित आईसीएआई शाखा के महावीर गौशाला काम्प्लेक्स केके रोड मौदहापारा रायपुर में आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी सेंट्रल इंडिया रिजनल काउंसिल के अध्यक्ष सीए देवेंद्र कुमार सोमानी रायपुर चेप्टर के अध्यक्ष किशोर बड़रिया एवं सीए अमिताभ दुबे ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में दिया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि अतुल कुमार गुप्ता आईसीएआई और निहार निरंजन जंबूसरिया उपाध्यक्ष आईसीएआई होंगे। पत्रकारवार्ता में दुबे ने बताया कि पूर्व में एक जुलाई 2014 को आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर उक्त रक्तदान शिविर को लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज कराया था।

**कार्यक्रम के मुख्यअतिथि होंगे लोकसभा अध्यक्ष**

# अस्पतालों से डिस्चार्ज हुए 104 नए संक्रमितों की संख्या 1010

#### 2 की हुई उपचार के दौरान मृत्यु

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** कोरोना वायरस द्वितीय की चपेट में ब्रिटेन के आने के बाद देश के महानगरों दिल्ली एवं अन्य शहरों में भी पुनः कोरोना वायरस का संक्रमण पूरी गति के साथ लोगों को प्रभावित कर रहा है। मिली जानकारी क अनुसार इस माह के अंतिम सप्ताह में वैक्सीन आने की संभावना भारत सहित प्रदेश में बन रही है। ऐसे स्थिति में जब तक कोरोना वैक्सिनेशन के टीके नहीं लगते तब तक नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष पांडेय के अनुसार कोरोना गाईडलाईन का पालन कर अपनी सुरक्षा खुद आम लोगों को करनी पड़ेगी। उन्होंने हॉल ही के दिनों में शहर में बिना मास्क लगाये निकलने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि होने पर चिंता जताते हुए जब तक वैक्सिन नहीं तक तक मास्क को ही सुरक्षा का उपाय बनाने की आम लोगों से अपील की है। छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार गुरुवार रात 8 बजे की स्थिति में प्रदेश से कुल 104 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने की जानकारी दी गई है। नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष पांडेय के अनुसार 1010 नये कोरोना पाजीटिव मरीज मिलने की जानकारी दी गई है। अब तक प्रदेश में कुल 2 लाख 86596 मरीज कोरोना पाजीटिव के पाये गये है जिनमें अस्पताल से अब तक 96,298 मरीज कोरोना उपचार के दौरान स्वस्थ होकर अपने घरों तक पहुंच चुके हैं। गत 24 घंटे में होम आइसोलेशन से 968 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं प्रदेश स्तर पर अब तक 1 लाख 77,985 मरीज स्वस्थ होकर

अपनी दिनचर्या रोजाना की जारी रखने में सफल हुए हैं। गत 24 घंटे में 29,899 मरीजों का कोरोना टेस्ट किया गया है। जिलावार कोरोना मरीजों की स्थिति इस प्रकार है- दुर्ग 117, राजनांदगांव 74, बालोद 39, बेमेतरा 26, कबीरधाम 11, रायपुर 172, धमतरी 28, बलौदाबाजार 25, महासमुंद 50, गरियाबंद 12, बिलासपुर 80, रायगढ़ 80, कोरबा 43, जांजगीर चांपा 55 मुंगेली 4, पेंड्रा गौरेला मरवाही 8, सरगुजा 41 कोरिया 27, सूरजपुर 38, बलरामपुर 7, जशपुर 32, बस्तर 3, कोंडागांव 7, दंतेवाड़ा 7, सुकमा 2, कांकेर 20 बीजापुर 02 मरीज कोरोना पाजीटिव के मिले हैं जबकि नारायणपुर एवं अन्य राज्य से एक भी मरीज कोरोना पाजीटिव का नहीं मिलने की जानकारी नोडल अधिकारी द्वारा जारी बुलेटिन में दी गई है।

### आम आदमी की जेब पर डाका डाल रही केंद्र सरकार : उपाध्याय

**रायपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने खाने के तेल में जारी बेतहाशा वृद्धि को लेकर कहा कि महंगाई ने आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। पहले आलू,फिर प्याज,रसोई गैस और अब खाने के तैल में हुई जबरदस्त वृद्धि ने आम आदमी को मानसिक रूप से चिंता में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि महामारी की मार चल ही रही है उस पर तेल की वृद्धि से महिलाओं के रसोई का स्वाद बिगाड़ दिया है अब हर आदमी अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है अडानी को फायदा पहुचाने के लिए सुनियोजित तरीके से की गई खाने के तैल में वृद्धि।

श्री उपाध्याय ने कहा कि स्वतंत्र भारत मे पहली बार खाने के तेल में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है बीजेपी के राज में एमआरपी से ज्यादा के दाम पर बेचा जारहा है खाने का तेल कल तक जो खाने का 15 ग्राम का तेल 850 से 900 रुपये पर मिलता था आज धीरे-धीरे बढ़कर 1900 से 2500 रुपये तक मे मिल रहा है।

# नगर निगम के सभी 10 जोनों में जोरदार राजस्व वसूली जारी

**रायपुर।** रायपुर नगर पालिक निगम के महापौर एजाज ढेबर, आयुक्त सौरभ कुमार, राजस्व विभाग की अध्यक्ष अंजनी राधेश्याम विभार के आदेशानुसार सभी 10 जोनों के राजस्व विभाग की टीमों द्वारा सभी 70 वार्डो में प्रतिदिन अभियानपूर्वक सम्पतिकर सहित निगम के सभी करों की वसूली तेजी से करने का क्रम निरन्तरता से जारी है। सभी 70 वार्डो में नगर निगम की टीमों द्वारा घर - घर जाकर संपत्तिकर डिमांड नोटिस एवं पाम्पलेट वितरित किया जा रहा है। इसकी सभी जोन कमिश्नरगण एवं समस्त जोन सहायक राजस्व अधिकारीगण प्रतिदिन निरन्तर मानिटरिंग कर रहे हैं । बड़े बकायादारों से कड़ाई से वसूली करने तत्काल निगम को सम्पूर्ण करों की अदायगी नहीं करने वालों पर कुर्की की कार्यवाही

करने की तैयारी की जा रही है। जोन की समस्त राजस्व टीमों द्वारा करदाताओं की घर में अनुपस्थिति होने पर घर के दरवाजे पर सम्पतिकर डिमांड नोटिस चस्पा की जा रही है। आज नगर निगम के जोनों के राजस्व विभाग की टीमों द्वारा जोन कमिश्नर के नेतृत्व एवं जोन सहायक राजस्व अधिकारी सहित राजस्व निरीक्षकगणों, सहायक राजस्व निरीक्षकगणों की उपस्थिति में नगर निगम के हित में सभी 70 वार्डो में अभियान चलाकर निरन्तर क्रम में जोरदार वसूली की है। इसमें निगम जोन 1 की राजस्व विभाग की टीम ने आज 57 करदाताओं से 3 लाख 70 हजार 993 रूपये राजस्व वसूला है। जोन 2 की राजस्व विभाग की टीम ने आज 54 करदाताओं से 4 लाख 76 हजार 449 रूपये, जोन 3 की टीम ने 64 करदाताओं से 11 लाख 62 हजार 968 रूपये, जोन 4 की टीम ने 50 करदाताओं से 4 लाख 5 हजार 781 रूपये, जोन 6 की टीम ने 56 करदाताओं से 2 लाख 31 हजार 679 रूपये, जोन 7 की राजस्व विभाग की टीम ने 54 करदाताओं से 2 लाख 94 हजार 878 रूपये, जोन 8 की टीम ने 76 करदाताओं से 4 लाख 6 हजार 635 रूपये, जोन 9 की टीम ने 96 करदाताओं से 7 लाख 57 हजार 940 रूपये एवं जोन 10 की राजस्व विभाग की टीम ने 88 करदाताओं से 3 लाख 49 हजार 300 रूपये का राजस्व आज एक दिन के अभियान में वसूला।

# किसानों को लेकर सरकार की नीयत साफ नहीं : नीलू शर्मा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं धमतरी जिले के संगठन प्रभारी श्री नीलू शर्मा ने जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि धान खरीदी में हो रही अव्यवस्था तथा धान के भुगतान को लेकर सरकार के ढुलमुल रवैये से छत्तीसगढ़ के किसानों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। पहले तो सरकार द्वारा लगातार 2 वर्षों से धान की खरीदी विलंब से शुरू की जा रही है। खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था का आलम है। बारदाने की कमी सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी के बहाने किसानों को परेशान किया जा रहा है। अपने वादे के मुताबिक धान की कीमत 2500 रु क्विन्टल की दर से भुगतान करने में सरकार अभी तक असफल रही है। पिछले वर्ष की अंतर की राशि की किश्तें अभी तक बकाया है। इस वर्ष का समर्थन मूल्य से भुगतान तक अभी तक किसानों के खाते में नियमित रूप से नही किया जा रहा है। इस वर्ष के अंतर की राशि सरकार कब तक दे पायेगी इसको लेकर संशय की स्थिति है। धान खरीदी में विलंब के कारण सुखत का नुकसान किसानों को उठाना पड़ा है। मौसम की खराबी से भी किसानों को भारी नुकसान हुआ है। अनेक सोसाइटियों में किसानों के नाम पंजीयन सूची से जबरन काटे गये हैं। गिरदावरी के नाम पर किसानों के रकबे में औसतन 15 फीसदी तक कि कटौती की गई है। धान खरीदी केंद्रों में धान का उठाव नही होने से जाम की स्थिति है। धान खरीदी प्रदेश में अंतिम चरण में है जबकि अभी तक केवल 50-60 फीसदी धान की ही खरीदी हो सकी है। सरकार किसानों के मुद्दों पर हर मोर्चों पर विफल रही है। कांग्रेस के नेता अपनी सरकार की नाकामी का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव के पूर्व यह कहा था कि किसानों से जो वादे वो कर रहे हैं उसके लिये पैसा कहां से आएगा इसका भी पूरा हिसाब किताब उन्होंने लगा लिया है। गंगाजल हाथ मे लेकर कसम खाई थी कि 2500 रु से भुगतान करेंगे। 2 वर्ष का पिछला बकाया बोनस तत्काल देंगे। सभी किसानों के सभी प्रकार के कर्ज माफकरेंगे। एक एक दाना धान खरीदेंगे जैसे तमाम वादों की हवा 2 सालों में निकल चुकी है। सरकार 25000 करोड़ के नये कर्ज प्रदेश की जनता पर अब तक लाद चुकी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश अब शराब और अन्य नशीले पदार्थों के सौदागरों की शरण स्थली बन चुका है। जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा कि सरकार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का समय आ चुका है। प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम बन चुका है। धमतरी जिले में भी 13 जनवरी को तीनो विधानसभाओं में विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन का बड़ा कार्यक्रम किया जायेगा।

**भाजपा करेगी विधानसभा एवं जिला स्तर पर विशाल धरना प्रदर्शन**

### खराब नीयत से युवती का हाथ-बांह पकड़ा, केस

**रायपुर।** घर में घुसकर बेईज्जत करने की नियत से हाथ-बांह पकड़ लिया। विरोध करने पर आरोपी की पत्नी ने गाली-गलौचकर मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट सिविललाईन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता 20 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 07 जनवरी को दोपहर 3 बजे भरत ताण्डी ने बेईज्जत करने की नियत से हाथ-बांह पकड़ लिया। विरोध करने पर कुछ देर बाद उसकी पत्नी आश ताण्डी ने प्रार्थिया के साथ गाली-गलौचकर मारपीट कर चोट पहुंचाया।

# संपादकीय

## ट्रंप ने अमेरिका को किया शर्मसार

अमेरिका के निवृत मान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने समर्थकों को भड़काकर संसद में जो हंगामा कराया वह 220 साल पुराने अमेरिका के लोकतांत्रिक इतिहास में काला अध्याय जोड़ गया है। लोकतंत्र का गला घोटने की इस नाकाम कोशिश से पूरा अमेरिका आज दुनिया के सामने शर्मसार हो गया है। ये वहीं डोनाल्ड ट्रंप है जो अमेरिको के राष्ट्रपति रहते हुए दुनिया के चौधरी बनकर घूमते थे, विभिन्न देशों को शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण का पाठ पढ़ाया करते थे और अनेक अवसरों पर तो खुद होकर मध्यस्थता करने की पेशकश किया करते थे लेकिन जब अमेरिका में उनकी पार्टी चुनाव हार गई और उन्हे सत्ता हस्तांतरित करनी पड़ी तो वे अपना आपा खो बैठे। अमेरिका में उन्हीं के नेतृत्व में चुनाव हुए थे इसके बावजूद वे ये आरोप लगा रहे है कि चुनाव में धांधली हुई है। उन्होने अपनी हार स्वीकार करने से इंकार कर दिया और विवादास्पद ट्वीट कर के अपने समर्थकों को न सिर्फ बरगलाया बल्कि उन्हे उपद्रव करने के लिए भड़काया भी। नतीजतन ट्रंप समर्थकों की भीड़ ने संसद पर धावा बोल दिया और जमकर बवाल काटा। सुरक्षा कर्मियों ने इन उपद्रवियों को किसी तरह खदेड़ा और इस दौरान हुए संघर्ष में एक महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई। दुनिया भर के नेताओं ने इस घटना की कड़ी नींदा की। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस घटना को निंदनीय बताया, चौतरफा आलोचना का शिकार होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने समर्थकों से शांती बनाए रखने की अपील करने की औपचारिकता निभाई किन्तु उन्हे जो करना था वे कर गुजरे। जो अमेरिका दुनिया का सबसे पुराना और शक्तिशाली लोकतांत्रिक देश होने का दावा करता है वहां लोकतंत्र का गला घोटने की यह कुतचित कोशिश वाकई हैरान करने वाली है। डोनाल्ड ट्रंप अपने कार्यकाल के दौरान भी अजीबोगरीब बयान देने के लिए और झूठ बोलने के लिए विख्यात रहे है। भारत के साथ यद्यपि उनके रिश्ते ठीक रहे है लेकिन अकसर वे पाकिस्तन के बहकावे में आकर कश्मीर मसले पर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की पेशकश कर के अपनी अपरिपक्वता का परिचय देते रहे है। खबर है कि चुनाव हारने के बाद उनका मानसिक संतुलन गड़बड़ा गया है, मनसिक रूप से असंतुलित व्यक्ति ही ऐसी हरकत कर सकता है। अब तो अमेरिका के सांसदों ने उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने का फैसला किया है ताकि उन्हे समय से पूर्व पद से हटाया जा सके।

# विचार

## लोकतंत्र में ट्रंप

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के साफ नतीजों के बावजूद सत्ता हस्तांतरण होने तक इतना कुछ हो जाएगा, शायद ही किसी ने सोचा हो। चुनावों में धांधली के आरोप लगाते हुए नतीजों को हर संभव मंच पर चुनौती देने के बावजूद निवर्तमान राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप कहीं भी किसी गड़बड़ी का सबूत नहीं दे सके। आखिरकार हर जगह से नतीजों की पुष्टि होने के बाद 6 जनवरी को संसद के दोनों सदनों ने जो बाइडन और कमला हैरिस की जोड़ी को विजेता घोषित कर दिया। मगर इस औपचारिकता के बीच जिस तरह ट्रंप के समर्थक संसद में घुस आए और उत्पात की हदें पार करते हुए कई लोगों की मौत का सबब बन गए, वह अमेरिकी लोकतंत्र के इतिहास में एक शर्मनाक अध्याय के रूप में दर्ज हो गया है।

इसके लिए खुद ट्रंप को जिम्मेदार बताना भी गलत नहीं है। जिस तरह उन्होंने संसद में हो रही चर्चा के दौरान रैली रखी, अपने समर्थकों से बड़ी संख्या में राजधानी पहुंचने की अपील की और रैली के दौरान मंच से उनको भड़काने की कोशिश की, वह सब असामान्य है। सबसे बड़ी बात यह कि अमेरिकी संसद की सुरक्षा 'ब्लैक लाइव्स मैटर' वाले प्रदर्शन की तरह सेना को सौंपने के बजाय पुलिस के हवाले छोड़ दी गई, जिसे उपद्रवियों ने चुटकियों में बिखेर दिया। बहरहाल, सदी की इस सबसे बड़ी लोकतंत्र विरोधी गतिविधि का जिम्मा सिर्फ एक व्यक्ति पर डालना काफी नहीं है। यह भी देखना होगा कि ट्रंप को यह सब कर गुजरने की ताकत कहां से हासिल हुई। राष्ट्रपति पद पर रहते हुए उनके फैसलों की आलोचना होती रही और ऐन चुनावी साल में कोरोना ने अमेरिका में जो तबाही मचाई, उसे भी ट्रंप सरकार की नाकामी समझा गया। इसके बावजूद राष्ट्रपति चुनाव का स्वरूप कांटे की टक्कर वाला रहा। यहां तक कि चुनाव नतीजे आने के बाद जब ट्रंप की विदाई तय हो गई, तब भी न केवल उनके कहने पर हजारों लोग राजधानी में कुछ भी कर गुजरने का मन बनाकर इकट्ठा हुए बल्कि इसके एक दिन पहले उनके समर्थकों ने जॉर्जिया के सीनेट इलेक्शन में आम चुनाव से ज्यादा वोट डाले। इस जन-सक्रियता को एक सनकी नेता की ऊलजलूल हरकतों तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता। निश्चित रूप से अमेरिकी लोकतंत्र का एक गहरा संकट ट्रंप के रूप में जाहिर हुआ है। कुछ महीने पहले अश्वेत असंतोष के विस्फोट में दुनिया ने अमेरिकी समाज की बेचैनी का एक पहलू देखा था। नए साल के पहले हफ्ते में इसी सिक्के का दूसरा पहलू श्वेत प्रतिक्रिया की शक्ल में नजर आया है। लेकिन अमेरिकी समाज की असुरक्षा का हल खोजने के लिए वहां की सत्ता को इन लक्षणों का नहीं, बीमारी का इलाज करना होगा। इतना तय है कि एक दशक के अंदर मंदी और महामारी के दोहरे संकट से गुजरे अमेरिकी लोकतंत्र की मुश्किलों का कोई न कोई तार दुनिया के हर सिस्टम से जुड़ा है। उसके सुलझने में सबकी दिलचस्पी स्वाभाविक है।

# सरकार द्वारा मानवीय मूल्यों की अनदेखी क्यों?

डॉ रामेश्वर मिश्र

> आज के इस परिदृश्य को देखते हुए हमें बहुमत के द्वारा लिए गए निर्णयों के विषय में महात्मा गाँधी की के विचार बहुत ही प्रासंगिक लगते हैं कि 'साधारणतया सामान्य मामलों में निर्णय बहुमत द्वारा लिए जाने चाहिए लेकिन इसे सैद्धान्तिक रूप से सर्वथा स्वीकार नही किया जाना चाहिए। इसी विषय पर आगे भी विचार व्यक्त करते हुए गाँधी जी ने कहा कि बहुमत का अर्थ यह कदापि नही है कि किसी एक व्यक्ति के विचार को, यदि वह सही मालूम पड़ता है तो उसे दबाया जाय, इसके बजाय किसी एक व्यक्ति का विचार यदि अधिक सही मालूम पड़ता है तो उसे स्वीकार करना चाहिए, सच्चे प्रजातंत्र की यही मान्यता है लेकिन आज के परिदृश्य में इन विचारों का पूर्णतः दमन हो रहा है। जिस वर्तमान सरकार द्वारा गाँधी जी की जयन्ती पर संकल्पबद्ध होकर उनके विचारों पर चलने की कटिबद्धता दोहराई गयी थी आज उन्हीं के द्वारा गाँधी जी के विचारों की पूर्णतया अनदेखी की जा रही है।

आज हमारे देश में विकास के नाम पर हमारी स्वतंत्रता एवं स्वाभिमान का तेजी से विनिवेश किया जा रहा है, किसान आन्दोलनरत समूहों की अनदेखी, ठंड एवं बारिश में ठिठुरते किसानों की मार्मिक तस्वीरें आज हमारे सामने यह विचार उत्पन्न करने में सक्षम है कि क्या हमारी सरकार हमारे हितों के नाम पर ही हमारा दमन करेगी? पिछले लगभग डेढ़ महीने से दिल्ली की सीमा से सटे अलग-अलग क्षेत्रों में अपने हक के लिए संघर्षरत किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, किसान आन्दोलन के दौरान अपने हक की लड़ाई लड़ते हुए लगभग 60 किसानों की जान जा चुकी है, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन किसानों की सुविधाओं की तरफ्दारी करते हुए सरकार द्वारा नया कृषि कानून लाया गया है उस सरकार द्वारा आन्दोलनरत किसानों के इस प्रकार असामयिक मृत्यु पर कोई शोक संदेश तक व्यक्त नही किया गया। जिस मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से लोगों तक प्रधानमंत्री जी ने अपने मन की बात को पहुँचाते हैं उन प्रधानमंत्री जी ने कभी भी आम जनमानस के विचारों को सुनने का प्रयास ही नही किया। किसानों के सम्मान की बात करने वाले प्रधानमंत्री जी ने 27 दिसंबर 2020 को 72वें मन की बात कार्यक्रम में किसान आन्दोलन और किसानों की समस्याओं का जिक्र तक नही किया, यह हमारी सरकार के किस मानवीय मूल्य का द्योतक है। यह बड़े दुःख की बात है कि किसान सम्मान निधि योजना की पैरवोकार सरकार ने किसानों को खुले आसमान के नीचे सर्द हवाओं, बारिश और ओलों के बीच अकेला छोड़ दिया। 3 जनवरी 2021 को जब दिल्ली में बारिश और ओला वृष्टि हुई तो ऐसे में अपने हक के लिए संघर्षरत किसानों की मार्मिक तस्वीरें देखकर भी देश के मुखिया की तरफ से कोई भी संवेदना व्यक्त नही की गयी, यही हमारी सरकार के नैतिक मूल्य हैं।

आज सरकार द्वारा ऊँचे-ऊँचे विकास के नाम पर सबसे ज्यादा आम लोगों के हितों की अनदेखी की जा रही है, अभी एक वर्ष से भी कम समय व्यतीत हुए हैं सीएए और एनआरसी के विरोध में हुए महिला आन्दोलन की घटना को, उस समय भी अपने हक के लिए संघर्षरत महिला आन्दोलनकारियों को भी सड़कों पर कई महीनों तक सर्द हवाओं के बीच अपने विचारों के अस्तित्व के लिए लड़ना पड़ा था और आज भी अपने हक के

लिए किसानों को सड़कों पर बैठने पर मजबूर कर दिया गया है। यह आम धारणा थी कि पूर्ण बहुमत वाली सरकार द्वारा लोकहित में सर्वाधिक श्रेष्ठ निर्णय लिए जाते हैं परन्तु आज के परिदृश्य में ऐसा नही है। वर्तमान सरकार के समक्ष जब भी ऐसे अवसर आते हैं तब सरकार द्वारा आम जनमानस के लिए क्रूरतम दमनकारी एवं असंवेदनशील व्यवहार को अपनाया जाता है, वर्तमान समय में सबसे ज्यादा नैतिक बातों का प्रसंग छेड़ने वाली सरकार द्वारा ही सर्वाधिक घटनाओं में नैतिक मूल्यों का दमन किया जा रहा है। सरकार के अड़ियल व्यवहार के बदौलत ही सरकार द्वारा सर्वाधिक रूप से मानवीय मूल्यों की अनदेखी की जा रही है।

इसी विषय पर आगे भी विचार व्यक्त करते हुए गाँधी जी ने कहा कि बहुमत का अर्थ यह कदापि नही है कि किसी एक व्यक्ति के विचार को, यदि वह सही मालूम पड़ता है तो उसे दबाया जाय, इसके बजाय किसी एक व्यक्ति का विचार यदि अधिक सही मालूम पड़ता है तो उसे स्वीकार करना चाहिए, सच्चे प्रजातंत्र की यही मान्यता है लेकिन आज के परिदृश्य में इन विचारों का पूर्णतः दमन हो रहा है। जिस वर्तमान सरकार द्वारा गाँधी जी की जयन्ती पर संकल्पबद्ध होकर उनके विचारों पर चलने की कटिबद्धता दोहराई गयी थी आज उन्हीं के द्वारा गाँधी जी के विचारों की पूर्णतया अनदेखी की जा रही है। आज किसानों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के बजाय उनके पक्ष में उतरने वाले विचारों पर तंज कसा जाता है। राहुल गाँधी द्वारा किसान आन्दोलन के समर्थन में नये कृषि कानून का विरोध किये जाने पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा तंज कसा गया लेकिन आपदा एवं संकट झेल रहे किसानों के प्रति संवेदना तक प्रगट नही की गयी, लगभग 60 आन्दोलनरत किसानों के असामयिक मृत्यु के बाद भी कोई विचार व्यक्त नही किया गया। इन सब बातों से यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि सत्ता पक्ष, विपक्ष एवं आम जनमानस के प्रति कितना सजग एवं संवेदनशील है।

सार्वजनिक पदों पर आसीन व्यक्ति जनता की धरोहर होता हैं। जनता और पदाधिकारी के बीच में धरोहर का संबंध यह अपेक्षा करता है कि पदाधिकारियों को सौंपे गए अधिकारों का प्रयोग लोगों की सर्वोत्तम भलाई या जनहित में किया जायेगा, सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों को जनहित से संबंधित निर्णय स्वयं ही लेने चाहिये। उन्हें अपने, अपने परिवार और मित्रों के लिये वित्तीय या अन्य भौतिक लाभ की व्यवस्था करने के लिये जनहित के विरुद्ध निर्णय नहीं लेना चाहिये। सार्वजनिक पदों पर आसीन व्यक्ति को अपने सभी निणर्यों और कार्यों के संबंध में निष्कपट होना चाहिये। उन्हें अपने निर्णयों के लिये कारणों का उल्लेख करना चाहिये। इन नैतिक मूल्यों के इतर आज किसान आन्दोलन का समर्थन कर रहे कई नेताओं और किसानों को नजरबन्द एवं गिरफ्तार किया गया, अकेले उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में 400 कांग्रेस कार्यकर्ताओं का बर्बर तरीके से दमन किया गया और 90 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। किसान आन्दोलन का समर्थन करने आ रहे दूसरे राज्यों के किसानों को दिल्ली सीमा से 5 किलोमीटर दूर ही बर्बर तरीके से रोक लिया गया और लाठी चार्ज की गयी तथा आँसू गैस के गोले छोड़े गए। किसान आन्दोलन को पहले तिरस्कृत करने के लिए किसानों की आवाज को देश विरोधी और खलिस्तान परस्त कहा गया। सरकार द्वारा 60 से अधिक किसानों के मृत होने के पश्चात भी कोई शोक संवेदना प्रगट नही करना, आन्दोलन के प्रति अड़ियल एवं क्रूरतम व्यवहार करना, किसान आन्दोलन का समर्थन कर रहे विपक्ष पर आक्रामक तंज कसना, किसान आन्दोलन के डेढ़ महीने से अधिक समय के उपरान्त सरकार द्वारा कोई ठोस आश्वासन न व्यक्त करना आदि ऐसे अनेक तथ्य किसान आन्दोलन से जुड़े हैं जो सरकार द्वारा मानवीय मूल्यों की अनदेखी को इंगित करते हैं।

# आखिरकार कैसे बढ़ेगी किसानों की आय!

तारकेश्वर मिश्र

> 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लिए, कृषि क्षेत्र को कम से कम औसतन 10 फीसदी सालाना की वृद्धि होनी चाहिए थी. जबकि हकीकत में यह 5 फीसदी की औसत दर से भी नहीं बढ़ रही है। सरकार ने किसानों की आय को दोगुना करने के उद्देश्य से दलवाई समिति बनाई थी. इस समिति के आकलन के अनुसार यदि 2015-16 को आधार वर्ष लेकर हम किसानों की आय को दोगुना करने के लिए काम करें तो किसानों की आय 2022 तक दोगुना करने के लिए हमें प्रति वर्ष कृषि आय में 10.4 फीसदी की दर से बढ़ोतरी करनी होगी। वर्तमान में कृषि आय में कितनी वृद्धि हो रही है, इसका आंकड़ा मौजूद नहीं है।

28 फरवरी 2016 को ही पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के बरेली में एक किसान रैली को संबोधित करते हुए आधिकारिक तौर पर घोषणा की थी कि आने वाले 2022 में जब देश अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा होगा, तो किसानों की आय दोगुनी हो चुकी होगी। इस हिसाब से इस वादे को किए 5 वर्ष का समय पूरा होने में डेढ महीने का समय ही शेष है। इन सबके बीच नये कृषि कानूनों के विरोध ने इस बहस को पुनः केन्द्र में ला दिया है कि आखिरकार किसानों की आय दोगुनी कैसे होगी?

इसमें कोई दो राय नहीं है कि आजादी के सात दशक से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी किसानों की आय बढ़ाने के बारे में क्यों सोचा नहीं गया। वर्तमान में किसान आंदोलन में सिर्फ तीन विवादास्पद कानूनों को रद्द करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी दर्जा देने की मांग का ही शोर सुनाई देता है। किसान को कारोबारी बना दिया गया है। बुनियादी समस्याएं और सवाल कुछ और भी हैं, जो किसान की आय और अस्तित्व से सीधा जुड़े हैं। एक अंतरराष्ट्रीय रपट ने अध्ययन किया है कि 2000-16 के दौरान किसानों को 45 लाख करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है, क्योंकि उन्हें फसलों के उचित दाम नहीं मिले और खुले बाजार की व्यवस्था बंद-सी रही। बीते अढाई दशक में 4 लाख से अधिक किसानों ने आत्महत्या की है। यह स्थिति विविध स्तरों पर कर्ज माफी के बावजूद रही। कर्ज माफ किए गए, तो किसान कर्जदार क्यों रहा? भारत सरकार की आर्थिक समीक्षा, 2016 की रपट को संसद में पेश किया गया था। उसमें खुद सरकार ने माना था कि देश के 17 राज्यों में किसान की औसत सालाना आमदनी 20,000 रुपए है। किसान की मासिक आय 1700 रुपए से भी कम3! अब स्थिति यह है कि बिहार में किसान की औसत आय 42,000 रुपए सालाना है। यानी करीब 3500 रुपए माहवार..! सिर्फ यही नहीं, 2011-15 के दौरान किसानों की आमदनी औसतन 0.5 फीसदी ही बढ़ी है। जरा सोचिए कि 2022 में किसान की आमदनी दोगुनी कैसे हो सकती है? 1967 में एमएसपी को लागू किया गया था। तब से किसान की आमदनी करीब 19 गुना बढ़ी है, जबकि सरकारी कर्मियों के वेतन करीब 150 गुना बढ़े हैं। सातवें वेतन आयोग के बाद तो बजट पर इतना बोझ बढ़ा है कि अभी तक घाटा जारी है।

एक ही देश के दो अलग-अलग कार्य-वर्गों में आय के ऐसे विरोधाभास क्यों हैं? सवाल यह भी है कि किसान आंदोलन ने इन बेहद महत्त्वपूर्ण और संवेदनशील तथ्यों को नजरअंदाज क्यों रखा है? बाजार बेहतर होता और सरकारी खरीद भी पर्याप्त होती, तो किसानों की यह दुर्दशा क्यों होती? कृषि की राष्ट्रीय विकास दर 4 फीसदी से भी कम क्यों रहती? सबसे संवेदनशील तथ्य यह है कि बीते 30 सालों के दौरान रोजाना औसतन 2000 किसानों ने गांव और खेती को छोड़ा है और वे शहर आकर मजदूरी कर रहे हैं, रेहड़ी-खोमचा लगा रहे हैं अथवा साइकिल रिक्शा चलाते हैं। किसानों को कमोबेश खेती की तुलना में ये काम ज्यादा लाभकारी लगते हैं। वैसे विश्व बैंक की एक नीतिगत कवायद रही है कि लोग गांव छोड़ कर शहरों में बसें और शहरीकरण का विस्तार हो। सरकार के सामने ये तमाम तथ्य जरूर होंगे। खेती पर सरकारी खर्च जीडीपी का मात्र 0.37 फीसदी है। किसान के लिए भी डीजल पर कर है, कृषि संयंत्रों और कीटनाशकों पर भी जीएसटी के रूप में सरकार आधे से ज्यादा वापस वसूल लेती है। प्रौद्योगिकी के अभाव में कृषि उत्पादन भी कम है। गेहूं और धान की पैदावार पर हमें बहुत गर्व है, लेकिन ऐसा उत्पादन करने वाले देशों में भारत का स्थान 50वां है। कुछ विशेषज्ञों का तो मानना है कि 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने के लिए वार्षिक कृषि विकास दर 14.86 फीसदी होनी चाहिए। लेकिन, यहां यह स्पष्ट कर देना जरूरी है कि भारतीय कृषि के इतिहास में कभी भी किसी वर्ष के लिए ऐसी कृषि वृद्धि दर हासिल नहीं हुई है। पिछले सालों में तो स्थिति और बदतर हुई है। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों की वार्षिक विकास दर 2012-13, 2013-14, 2014-15, 2015-16, 2016-17, 2017-18 और 2018-19 में क्रमशः 1.5 फीसदी, 5.6 फीसदी, -0.2 फीसदी, 0.6 फीसदी, 6.3 फीसदी, 5.0 फीसदी और 2.9 फीसदी रही है। 7 जनवरी, 2020 को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) की रिपोर्ट के अनुसार भी वर्ष 2019-20 में कृषि विकास दर का अनुमान 2.8 फीसदी ही है। तो अब इसका निष्कर्ष यही निकलता है कि सरकार सिर्फ सपने दिखा रही है क्योंकि आंकड़े कहीं से भी कृषि में वृद्धि को इंगित नहीं कर रहे हैं।

# पाठकों की बात

## पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### खौफ़दिलों में

खौफ़ दिलों में मंडराता है मिलने से, फूल चमन में घबराता है खिलने से,, एहतियात रहे कि लफ़्ज़ों के धागों से, ज़ख्म ज्यादा बढ़ जाता है सिलने से,, बहती आँखे यूँ भी पढ़ना मुश्किल है, गीला कागज़ फट जाता है लिखने से,, दरिया, ख़्वाब ,ये चांद ,सितारें टूटते हैं, मगर इंसान संभल जाता है गिरने से,, साथ मेरे कोई भी नही , मैं भी नही , हुनर ये जिंदगी को आता है मरने से। – **प्रीत सिंह**

### मेरे घर में दशहरे

मेरे घर में दशहरे का निशान नहीं तेरे घर से क्यों दिवाली नहीं जाती।। अभी शहरों में मेरा दिल नहीं लगता अभी यादें गांव वालीं नहीं जाती।। पिता की हथेलियां देखती है तों लड़कियां गांव की मनाली नहीं जाती।। देने आये है तों लेकर भी जायेंगे खुदा की कभी गाड़ी ख़ाली नहीं जाती।।

– **गोविंद शर्मा**

### ख़ास पाती | जितना जी चाहे तेरा यार सता

जितना जी चाहे तेरा यार सता ले मुझको। अपने सीने से मगर आज लगा ले मुझको। बढ़ गया उसकी जफ़ाओं का सितम यूँ मुझ पर , चैन दे अब तो खुदाया या उठा ले मुझको । मन के सहरा में कहाँ से ये समंदर आया, मौजे-ग़म कौनसी हर रोज उछाले मुझको। मैं तुम्हारी हूँ तुम्हारी ही रहूँगी हरदम, दौड़ आऊंगी किसी दम भी बुलाले मुझको। राह तकते हुए हर रात गुजारी मैंने, अपनी बाहों में जरा देर सुलाले मुझको। दम तो लेने दे जरा ऐ ग़मे-उल्फ़त दिल को डर है शिद्दत ये तेरी मार न डाले मुझको। बाद मेरे ये अँधेरा न जमाने मे रहे, रौशनी के लिए बेशक़ तू जलाले मुझको। – **आशा पांडेय ओझा**

### गर है खाली गिलास रहने दो

गर है खाली गिलास रहने दो । कुछ तो अधरों पे प्यास रहने दो । शहर ये खुदकुशी न कर लें कहीं , कुछ तो मिट्टी पे घास रहने दो । वो भी माहिर है रँग बदलने में , उसको हाकिम का ख़ास रहने दो । कुछ हक़ीक़त भी जान लो साहब , रोज़ इतने क़यास रहने दो । हूँ न शायर न मैं सुख़नवर हूँ , मुझको बस खुद शनास रहने दो । जो ये ठहरे तबाह कर देंगे , आँसुओं का निकास रहने दो । आँधियों के सफ़र में निकले प्रखर , काग़ज़ी ये लिबास रहने दो । – **राजेश श्रीवास्तव 'प्रखर'**

### वहशीपन दरिंदगी घमंड लालच

वहशीपन दरिंदगी घमंड लालच छल कपट में जब लिपटा हो तो फिर वो मानव कहाँ जानवर ही तो हुआ तभी बेबस लटका हुआ है बेबस पेड़ की डाल से घिरा जानवरों से नापता अपने दुष्कर्म,बदनीयती हो बेहाल और ईश्वर भी देखे ये मंजर हो हैरान।।

– **मीनाक्षी सुकुमारन**

### किसी से बात ये कहती नहीं

किसी से बात ये कहती नहीं हूँ अंधेरों से मैं अब डरती नहीं हूँ खुदी पर ग़ैर के ज़ुल्म-ओ-सितम को बिना ही बात के सहती नहीं हूँ किसी के प्यार पर करके भरोसा कभी जज़्बात में बहती नहीं हूँ ग़लत देखूँ किसी की हरकतों को तो फिर चुपचाप भी रहती नहीं हूँ सफ़र में साथ कोई छोड़ दे तो उसी के ग़म में अब मरती नहीं हूँ भले कश्ती भँवर में डूब जाए किसी तूफ़ान से डरती नहीं हूँ। – **डॉ. अंजना सिंह सेंगर**

### मुट्ठी भर आकाश रख,खेलें मोहक

मुट्ठी भर आकाश रख,खेलें मोहक खेल । नन्हे-मुन्ने अब चलें, बनकर छुक-छुक रेल ।। बनकर छुक-छुक रेल,चली वो लेकर बच्चे । चुं-चुं ची-ची की शोर,लगे सब कितने सच्चे ।। लाल हरी वो फ्रॉक, पहन कर देती घुट्टी । बच्चों में उत्साह,अभी से खोलें मुट्ठी ।।

– **नवीन कुमार तिवारी**

### चलना जब भी रोड पर लेकर

चलना जब भी रोड पर,लेकर बाइक कार। सीटबेल्ट हेल्मेट को, पहन चलें हर बार। पहन चलें हर बार ,जान है अगर बचानी। दुर्घटना में मात ,मौत को पड़ती खानी। करें सुरक्षा स्वयं , और है कोई हल ना। रखना इतना याद ,रोड पर बाएँ चलना।।

– **डॉ बिपिन पाण्डेय**

### हर पहनावा , हर फैशन , हर

हर पहनावा , हर फैशन , हर मेकअप हर जगह के लिए नही होता ...आप किस जगह रहते हैं आपके साथ कैसे लोग हैं कैसी सोच के बीच खड़े हैं किस मौके के लिए आप निकल रहे हैं ...हर स्थिति और स्थान की समझ होनी चाहिए। –**मधुलिका शुक्ला**

# QUIZ TIME

1) ब्रिटिश शासन के दौरान छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी रियासत कौन-सी थी?
2) किसने छत्तीसगढ़ में मराठा शासन के दौरान आय और व्यय का हिसाब रखा?
3) मुरिया विद्रोह के समय बस्तर का दीवान कौन था?
4 ) मड़ई मेला या उत्सव किसने शुरू किया था?
5 ) प्रसिद्ध कबरा पहाड़ या कबरा गुफा किस जिले में स्थित है, जिन्हें उनके पूर्व-ऐतिहासिक गुफा चित्रों के लिए जाना जाता है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बस्तर (2) फडनवीस (3) गोपीनाथ कपड़दार (4) पुरुषोत्तम देव, बस्तर का राजा (5) रायगढ़

# आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1431 - फ्रांस में 'जोन ऑफ आर्क' के विरुद्ध मुकदमे की शुरुआत हुई। 1718 - फ्रांस ने स्पेन के ख़िलाफ़ लड़ाई की घोषणा की। 1768 - फिलिप एस्टले ने पहले 'मॉर्डन सर्कस' का प्रदर्शन किया। 1792 - तुर्की और रूस ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1816 - सर हम्फ्री डेवी ने खदानकर्मियों के लिए पहले 'डेवी लैम्प' का परीक्षण किया। 1914 - महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे। 1915 - महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद बम्बई (अब मुंबई) पहुंचे। 1918 - भालू घाटी के युद्धः रेड इंडियनों और अमेरिकी सैनिकों के बीच अंतिम युद्ध 'बैटल ऑफ बियर वैली' का आगाज़ हुआ। 1923 - जुआन डि ला सिएर्वा ने पहली 'ऑटोगायरो फ्लाइट' का निर्माण किया। 1941 - यूरोपीय देश रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में छह हजार यहूदियों की हत्या। 1970 - सिंगापुर में संविधान अपनाया गया। 1982 - पहला भारतीय वैज्ञानिक दल अंटार्कटिका पहुंचा। 1991 - अमेरिकी और इराकी प्रतिनिधियों की ओमान पर इराकी कब्जे के सम्बंध में जेनेवा शांति बैठक में मुलाकात। 2001 - बंगलादेश में हिन्दुओं की सम्पत्ति लौटाने संबंधी विधेयक मंजूर। 2005 - पी.एल.ओ. के अध्यक्ष महमूद अब्बास फ़िलिस्तीन के राष्ट्रपति चुनाव में विजयी। 2007 - जापान में पहला राज्य मंत्रालय गठित हुआ। 2008 - श्रीलंका की सेना ने लिट्टे के इलाके पर कब्ज़ा किया। 2009 - तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी को सार्वजनिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बेबी जान फाउंडेशन पुरस्कार के लिए चुना गया।

# अनुषा दांडेकर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुई रिया चक्रवर्ती, एक्ट्रेस ने राजीव लक्ष्मण संग दिया पोज

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती अपनी पुरानी जिंदगी में लौटने की कोशिश कर रही हैं। रिया को एक्टर सुशांत सिंह राजपूत केस में ड्रग्स एंगल आने के बाद गिरफ्तार किया गया था, फिलहाल वह बेल पर हैं। अब रिया अपने दोस्तों के साथ पार्टी एंजॉय करती नजर आईं। इस दौरान की उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। दरअसल, रिया, वीजे अनुषा दांडेकर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुईं। इस पार्टी में फरहान अख्तर और उनकी गर्लफ्रेंड शिबानी दांडेकर, रोडीज शो के जज राजीव लक्ष्मण और कई लोग शरीक हुए। राजीव ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है जिसमें वह उनके साथ नजर आ रही हैं। राजीव और रिया ने एक-दूसरे को हग किया हुआ है। राजीव ने इस फोटो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते कैप्शन में लिख, माय गर्ल। फोटो में रिया स्टाइलिश सूट और नी हाई बूट्स में नजर आ रही हैं। वह राजीव के साथ कैमरे की तरफ देखते हुए पोज देती दिख रही हैं। दूसरी तरफ राजीव की पत्नी ने भी इंस्टाग्राम पर इस बर्थडे पार्टी की एक ग्रुप फोटो शेयर की है, जिसमें पार्टी में शामिल सभी मेहमान नजर आ रहे हैं।

# प्रेगनेंसी में जीन्स पहनने को मिस कर रही हैं एक्ट्रेस करीना कपूर कहा- कब वो दिन आएंगे

**मुंबई।** एक्ट्रेस करीना कपूर दूसरी बार मां बनने वाली हैं। अकसर बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए वह अपनी तस्वीरें फैन्स के साथ सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। इस बीच उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट कर जीन्स को मिस करने की बात कही है। एक्ट्रेस ने अपनी एक थ्रोबैक पिक्चर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इसके साथ बी उन्होंने लिखा है, 'मैं अब कब जीन्स पहन पाऊंगी?' इस तस्वीर में बेबो येलो स्वेटर और ब्लू जीन्स में नजर आ रही हैं। इसके अलावा उन्होंने गॉगल्स लगा रखा है। करीना कपूर इस तस्वीर में बिना मास्क के दिख रही हैं। साफहै कि उनकी यह तस्वीर कोरोना काल से पहले की है। तस्वीर के साथ करीना कपूर ने लाफिंग इमोजी भी शेयर किए हैं। करीना कपूर को हाल ही में कई बार उनके घर या आसपास लूज ड्रेस में देखा गया है। प्रेगनेंसी के आखिरी दिनों के चलते वह ढीले कपड़े ही पहन पा रही हैं। शायद इसी के चलते वह डेनिम जींस को मिस कर रही हैं। करीना कपूर को हाल ही में क्रिसमस और न्यू ईयर पार्टी के मौके पर पति सैफअली खान और बेटे तैमूर अली खान के साथ देखा गया था। इसके अलावा वह खुद भी अपनी तस्वीरें अकसर सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। करीना कपूर दूसरे बच्चे की मां बनने वाली हैं। हाल ही में करीना ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की थी। इसमें वह ब्लैक ड्रेस पहने हुए हैं और सोफे पर बैठी हैं। तस्वीर के साथ करीना कपूर ने लिखा है, 'मैं इंतजार कर रही हूं।' बता दें कि प्रेगनेंसी के दौरान भी करीना कपूर लगातार काम करती रही हैं। हाल ही में उन्होंने कई विज्ञापनों की शूटिंग की है। यही नहीं प्रेगनेंसी के कई महीनों तक उन्होंने फिल्म लाल सिंह चड्ढा की शूटिंग पूरी की थी। इस मूवी में वह आमिर खान के साथ नजर आने वाली हैं। दिसंबर में ही वह हिमाचल प्रदेश से वापस लौटी हैं। वहां वह अपने पति सैफ अली खान और बेटे तैमूर के साथ छुट्टियां बिता रही थीं। हालांकि सैफ इस दौरान अपनी आगामी फिल्म भूत पुलिस की शूटिंग में बिजी थे। इस दौरान करीना कपूर के साथ मलाइका अरोड़ा और उनके बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर भी मौजूद थे।

# रोहनप्रीत सिंह ने पत्नी नेहा कक्कड़ के लिए गाया रोमांटिक सॉन्ग, सिंगर बोलीं- आई लव यू

**नई दिल्ली।** फेमस सिंगर नेहा कक्कड़ इन दिनों पति रोहनप्रीत सिंह के साथ अपनी मैरिड लाइफ एंजॉय कर रही हैं। इस बीच नेहा ने एक रोमांटिक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह रोहनप्रीत संग नजर आ रही हैं। इस वीडियो को खूब पसंद किया जा रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि रोहनप्रीत, नेहा का हाथ पकड़कर दो गल्ला सॉन्ग पर लिपसिंक कर रहे हैं। वहीं, नेहा यह देखकर इतना इम्प्रेस हो जाती हैं कि वह उन्हें आई लव यू कहती हैं। नेहा ने इंस्टाग्राम पर इस वीडियो को शेयर करते कैप्शन में लिखा, ''मेरा व्यू, मेरी सुबह, मेरी रात, मैं इसके साथ जी रही हूं। सिर्फ और सिर्फ रोहनप्रीत सिंह।''

नेहा और रोहनप्रीत सिंह ने पिछले साल धूमधाम से शादी की थी। दोनों की शादी की फोटोज और वीडियो जमकर वायरल हुए थे। हाल ही में इंडियन आइडल शो के मंच पर रोहनप्रीत सिंह ने नेहा कक्कड़ और अपनी लव स्टोरी के बारे में बताया था। रोहनप्रीत सिंह ने बताया कि कैसे उन्हें और नेहा को पहली नजर में ही एक-दूसरे से प्यार हो गया था। रोहनप्रीत सिंह जब लव स्टोरी सुना रहे थे तो नेहा कक्कड़ बेहद भावुक हो गई और उनकी आंखों से आंसू बह रहे थे।

# सुविधा: सिर्फ 15 मिनट में खुद फाइल करें इनकम टैक्स रिटर्न

## 10 जनवरी के बाद 10000 तक लग सकता है फाइन

**नई दिल्ली।** आकलन वर्ष 2020-21 (वित्त वर्ष 2019-20) का आईटीआर फाइल करने के लिए आज के बाद आपके पास सिर्फ दो दिन का वक्त है। नौ और 10 जनवरी। इसके तारीख के बाद अगर आप रिटर्न फाइल करेंगे तो आपको दोगुना जुर्माना भरना पड़ेगा। बता दें कोरोना की वहज से इसकी डेट बढ़ते-बढ़ते पहले 31 दिसंबर 2020 और अब 10 जनवरी 2021 हो गई है। आज यानी शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक पांच करोड़ से ज्यादा ढ्ढञ्जक्र फाइल किए जा चुके हैं। वहीं केवल आज दोपहर 12 तक 2,09,235 आईटीआर दाखिल हुए। अगर अभी भी आप लेट हैं तो सतर्क हो जाएं जल्दी आईटीआर फाइल कर दें। आप खुद भी ऑनलाइन इनकम टैक्स रिटर्न फाइल कर



सकते हैं। उससे पहले कुछ डाक्यूमेंट आपको तैयार रखने होंगे।

आप यदि नौकरीपेशा हैं तो फॉर्म 16 ए अपने नियोक्ता से जरूर लेकर रख लें। इसमें काटे गए टैक्स (टीडीएस) और आपके द्वारा नियोक्ता को निवेश की दी गई जानकारी का विवरण होता है। इसके अलावा नौकरीपेशा, पेंशनभोगी और स्वरोजगार करने वाले सभी के लिए बैंक को फॉर्म 15एच भरकर देना और उससे ब्याज का सर्टिफिक्रेट लेकर रख लें। फॉर्म 15 एच एक तरह का घोषणापत्र में, जिसमें इस बात की जानकारी होती है कि आपकी आय कर दायरे में नहीं आती है।

# एचडीएफसी बैंक ने कोविड वैक्सीन के नाम पर हो रही धोखाधडी से जागरूक किया

**रायपुर।** एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ने विश्वव्यापी महामारी कोविड-19 के नए टीके (वैक्सीन) के नाम पर की जा रही धोखाधड़ी से लोगों को जागरूक किया है। न्यू कोविड वैक्सीन के नाम पर धोखाधडी की जा रही है तथा इसका भुगतान करने या वित्तीय विवरण मांगा जा रहा है ताकि आपकी टीकाकरण वैधता की जांच की जा सके। बैंक ने कहा है कि इस तरह के घोटालों से सतर्क रहें, क्यों कि हैल्थवर्कर या सरकारी कर्मचारी कभी भी आपकी योग्यता मापदण्ड के अनुसार भुगतान के या वित्तीय विवरण के बारे में पूछताछ नहीं करते।


**न्यायालय तहसीलदार कवर्धा, जिला-कबीरधाम**
**ईश्तहार**

ई कोर्ट नं. 20210108070000
अ-6/2020-21
ग्राम- कवर्धा प.ह.नं. 03

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शांति बाई पति राजकुमार कौशिक, निवासी- जिन्दा, तह. कवर्धा के द्वारा ग्राम कवर्धा स्थित भूमि ख.नं. 896/20 रकबा 0.006 हे. भूमि (कालमयुक्त मकान) को वसीयतकर्ता मेहतरीनबाई आ. दीनूराम कौशिक निवासी राजदीप कालोनी कवर्धा के द्वारा आवेदिका शांतिबाई पति राजकुमार के नाम पर अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 21.06.2020 को निष्पादित किए जाने एवं वसीयतकर्ता की दिनांक 13.12.2020 को मृत्यु हो जाने के कारण अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदिका अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनांक 15.01.2021 को प्रातः 10.30 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं।

उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01.01.2021 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
कवर्धा

**न्यायालय नायब तहसीलदार कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2020-21
ई कोर्ट नं. 20201108290020
ग्राम- मिरमिट्टी प.ह.नं.-08

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश पिता उधे जाति लोधी, एवं अन्य 01 साकिन जिन्दा, द्वारा ग्राम मिरमिट्टी प.ह.नं. 08 में आवेदक के स्वामित्व की भूमि ख.नं. 199/1, 204/2 शामिल 204/10, 204/9, 204/17 रकबा 0.038, 0.255, 0.194, 0.198 हेक्टे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.955 लगान 1.62 का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है जिसकी सुनवाई दिनांक 19/01/2021 को नियत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 29.12.2020
पेशी दिनांक 19.01.2021

सील
ना. तहसीलदार
कवर्धा

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ई.पंजी. 20201208200093/
अ-20(1), वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि नगर नजूल कवर्धा स्थित शीट क्रमांक-05, भूखंड क्र.-37, क्षेत्रफल-205.00 वर्गमीटर भू-खंड नजूल जांच रजिस्टर वर्ष 1974-75 में पुसउ राम. आ. जगतराम गोंड़ साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है। मूलधारक पुसऊराम की मृत्यु दिनांक 26/01/2002 एवं चतुर सिंह आ. पुसउराम की मृत्यु दिनांक 23/06/2008 को हो चुकी है। उक्त भूखंड को आवेदिका बिन्दाबाई आ. स्व. पुसऊराम गोंड़ साकिन कवर्धा द्वारा अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 29/12/2001 के आधार पर अपने नाम पर निर्धारण करवाने हेतु इस न्यायालय में अवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 15/01/2021 को नियत की गई है।

अतएव निर्धारण/नामांतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 15/01/2021 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 30/12/2020 को इस न्यायालय के पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।
जारी दिनांक 30/12/2020
पेशी दिनांक 15/01/2021

सील
नजूल जांच अधिकारी
कबीरधाम

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 20210112400015/
अ-2/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक सत्येन्द्र वर्मा पिता श्री तेजराम वर्मा निवासी रायपुर द्वारा ग्राम चंदखुरी प.ह.नं. 47 में स्थित भूमि खसरा नं. 706/2 का रकबा 0.06 हे. भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है, वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का रकबा 0.06 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन व्यवसायिक प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 06/02/2021 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/01/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील
सक्षम प्राधिकारी एवं
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ASHOK S/O ISHWAR DAYAL निवासी ABOVE SHOP NO.-68, A-MARKET, SECTOR-10, BHILAI, DISTT.- DURG (C.G.) 490006 यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम ASHOK KUMAR THAKUR S/O ISHWAR DAYAL रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम ASHOK KUMAR THAKUR S/O ISHWAR DAYAL से ही जाना पहचाना जावे।

ASHOK KUMAR THAKUR
ABOVE SHOP NO.-68,
A- MARKET, SECTOR-10,
BHILAI, DISTT.- DURG (C.G.)
490006

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं DESHMUKH ROOPA RAVINDRA W/O PRADEEP BODHMAGE निवासी H.NO.- F-7,OLD ADARSH NAGAR, KASARIDIH, WARD NO.-43, DURG (C.G) PIN-491001 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम RUPALI BODHMAGE W/O PRADEEP BODHMAGE रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम RUPALI BODHMAGE W/O PRADEEP BODHMAGE से ही जाना पहचाना जावे।

RUPALI BODHMAGE
H.NO.- F-7, OLD ADARSH
NAGAR, KASARIDIH, WARD
NO.-43,DURG (C.G)
PIN-491001

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

**//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //**

नामांतरण प्र.क्र. 193/20-21
वार्ड का नाम- शंकर नगर-30

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर 30 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ ए/401 फ्लैट वालफोर्ट आर्चिड शंकर नगर जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती शिल्पी गोयल w/o तरूण गोयल के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती सुनीता देवी अग्रवाल w/o जयकरण रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 08/01/21
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

**//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //**

नामांतरण प्र.क्र. 192/20-21
वार्ड का नाम- गुरू गोविंदसिंह-29

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुरू गोविंद सिंह 29 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 29/498 गांधी नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री गजेन्द्र यादव s/o पंचम यादव के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती विनीता यादव w/o स्व. गजेन्द्र यादव रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 08/01/21
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी उपतहसील लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2019-20
ग्राम सुनसुनिया प.ह.नं. 48

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागवत पिता खोलबाहरा जाति केवट निवासी ग्राम सुनसुनिया प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. मरदा तहसील बलादौबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र में लेख किया जाता है कि पिता खोलबाहरा का जन्म/मृत्यु दिनांक 16/5/2010 को ग्राम सुनसुनिया में हुई है। जिसको ग्राम पंचायत रजिस्टार में पंजीयन कर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन मद शपथ पत्र स्टाम्प केसाथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति करना हो तो पेशी दिनांक 15/01/2021 को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। पेशी मियाद बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/12/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सील, मुहर द्वारा जारी किया गया।

सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
उप तहसील लवन
(बलौदाबाजार) छ.ग.

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 20210112400013/
अ-2/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक थानूराम पिता मोहन तेली वगै. द्वारा ग्राम निसदा प.ह.नं. 57 में स्थित भूमि खसरा नं. 851 का रकबा 0.6400 हे. का भाग रकबा 5000 वर्गफीट का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है, वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का रकबा 5000 वर्गफीट भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन कृषि प्रयोजन (गोदाम) में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 06/02/2021 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/01/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील
सक्षम प्राधिकारी एवं
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

**//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //**

नामांतरण प्र.क्र. 195/20-21
वार्ड का नाम- गुरू गोविंदसिंह-29

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुरू गोविंद सिंह 29 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 29/840 अशोक विहार कालोनी जो कि निगम अभिलेख में श्री हरजीत सिंग s/o स्व. नाहर सिंह वगैरह के नाम से दर्ज है, जिसको श्री मनीष यादव s/o गणेश प्रसाद रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 08/01/21
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी उपतहसील लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2019-20
ग्राम सुनसुनिया प.ह.नं. 48

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागवत पिता खोलबाहरा जाति केवट निवासी ग्राम सुनसुनिया प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. मरदा तहसील बलादौबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र में लेख किया जाता है कि चाचा धीरज का जन्म/मृत्यु दिनांक 10/4/2019 को ग्राम सुनसुनिया में हुई है। जिसको ग्राम पंचायत रजिस्टार में पंजीयन कर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन मद शपथ पत्र स्टाम्प केसाथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति करना हो तो पेशी दिनांक 15/01/2021 को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। पेशी मियाद बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/12/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सील, मुहर द्वारा जारी किया गया।

सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
उप तहसील लवन
(बलौदाबाजार) छ.ग.

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., रायपुर
व्यवसायिक परिसर, प्रथम तल, मौलश्री विहार,
व्ही.आई.पी. रोड, पुरैना, रायपुर
फोन नं. 0771-4059185 E-mail ID em_zone2@yahoo.com

**//आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1724 दिनांक 13.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक HIG-II/865 को श्रीमती वि.के. गीता, पति श्री पी.जी. कुरूप के नाम स्ववित्तीय योजना के अंतर्गत आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 13.03.2015 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमती वि.के. गीता पति श्री पी.जी. कुरूप निवासी- प्लाट नं. 45 क्रांस स्ट्रीट -02 रिसाली शक्ति विहार रिसाली भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती रूखमणी ध्रुव एवं भूषण ध्रुव पता- 227 गोड़ पारा तिल्दा अल्दा जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर 29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- HIG-II/865 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राज.परि., रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

**//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //**

नामांतरण प्र.क्र. 194/20-21
वार्ड का नाम- गुरू गोविंदसिंह-29

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुरू गोविंद सिंह 29 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 529 कालीनगर पण्डरी जो कि निगम अभिलेख में श्री रविलाल कर्ष s/o स्व. सोनूराम के नाम से दर्ज है, जिसको श्री भागवत कर्ष s/o स्व. रविलाल कर्ष रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 08/01/21
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**// निविदा सूचना //**

क्रं. 955/निविदा/मैनुअल/लोक-11/2020-21 राजनांदगांव, दिनांक 07/01/2021

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव द्वारा निम्न कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि लाख में | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | वार्ड नं. 02 मोतीपुर तालाब के पास पाथवे का निर्माण कार्य | एस.ओ.आर. - 3.62 नॉन एस.ओ.आर.- 4.45 = कुल - 8.07 | 28.01.2021 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & http://www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग**
**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

ज्ञाप क्र. 187/नि.प्र.क्र.-15/लो.नि.वि./2020-21 दुर्ग, दिनांक 05/01/2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य जिला दुर्ग/बालोद/ बेमेतरा/ कवर्धा/राजनांदगांव में जमा कार्य/ लघुमूल गौण कार्य/ विशेष मरम्मत का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 14/01/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 25/01/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 27/01/2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जावेगी।

| स.क्र./ निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| (1) T0204 | सिविल संभाग दुर्ग के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (2) T0205 | सिविल उपसंभाग क्र.-1, दुर्ग के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (3) T0206 | सिविल उपसंभाग क्र.-2, दुर्ग के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (4) T0207 | सिविल उपसंभाग क्र.-3, दुर्ग के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (5) T0208 | सिविल उपसंभाग पाटन के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (6) T0209 | जिला दुर्ग के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (7) T0210 | जिला बालोद के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (8) T0211 | सिविल उपसंभाग क्र.-2, बालोद के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (9) T0212 | सिविल संभाग बालोद के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (10) T0213 | जिला बेमेतरा के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (11) T0214 | सिविल उपसंभाग साजा के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (12) T0215 | सिविल उपसंभाग नवागढ़ के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (13) T0216 | सिविल संभाग बेमेतरा के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (14) T0217 | जिला कबीरधाम के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (15) T0218 | सिविल उपसंभाग पंडरिया के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (16) T0219 | सिविल संभाग कवर्धा के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (17) T0220 | जिला राजनांदगांव के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (18) T0221 | सिविल संभाग खैरागढ़ के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (19) T0222 | सिविल उपसंभाग क्रमांक-1 राजनांदगांव के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (20) T0223 | सिविल उपसंभाग क्रमांक-2, राजनांदगांव के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (21) T0224 | सिविल संभाग राजनांदगांव के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |
| (22) T0225 | सिविल उपसंभाग चौकी के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | 9.99 Lacs |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्तें का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-86136/4
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग वि./यां.) संभाग दुर्ग

## रवि रजक बने प्रेस क्लब गंडई के नये अध्यक्ष

**गंडई पंडरिया।** प्रेस क्लब गंडई मे 7 जनवरी गुरुवार को सभी सदस्यो एवं पदाधिकारियों की बैठक दोपहर को रखा गया था जिसमे प्रेस क्लब गंडई के सदस्यो ने सर्वसहमति से रवि रजक को अध्यक्ष पद पर चयनित किया गया। वही बाकी सदस्यो को अन्य पद पर मनोनीत किया गया जिसमे उपाध्यक्ष रतनेस कुलदीप, सहउपाध्यक्ष हरीशंकर साहू, संरक्षक ओमप्रकाश अग्रवाल, सचिव रोहित देवांगन, कोसाध्यक्ष नंदकिशोर साहू, महासचिव विनोद नामदेव, सहसचिव सुखनंदन चतुर्वेदी, सदस्य संजय नामदेव, सदस्य संगीत चौबे को मनोनीत किया। साथ ही सदस्यो की उपस्थिती मे सपथ ग्रहण का कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ।

# धरमपुरा में सतनामी समाज के जैतखंभ को जलाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा (नवप्रदेश)।** पिपरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम धरमपुरा में किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दैहान में स्थित सतनामी समाज के जैतखंभ को जला दिये जाने की सूचना थाना पिपरिया में प्राप्त होने पर उक्त घटना के संबंध में तत्काल थाना प्रभारी पिपरिया निरीक्षक मूलचंद पटले द्वारा शलभ कुमार सिन्हा पुलिस अधीक्षक कबीरधाम एवं अनिल कुमार सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, एन.के. बेंताल पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पण्डरिया को अवगत कराये जाने पर तत्काल घटना को गंभीरता से लेकर मौका में जाकर घटनास्थल का मुआयना किया जाकर अज्ञात आरोपियों की अतिशीघ्र पतासाजी किये जाने के लिए थाना पिपरिया के अतिरिक्त इकाई के अन्य थाना पण्डरिया, थाना बोड़ला, थाना कवर्धा, थाना कुण्डा एवं पुलिस चैकी पोड़ी, चैकी दशरंगपुर प्रभारियों, रक्षित केन्द्र तथा तकनीकी शाखा एवं अन्य स्टाफ की विशेष टीम गठित कर पृथक-पृथक कार्य विभाजन कर दायित्व सौंपा गया एवं घटना की गंभीरता के आधार पर फारेसिंक टीम, डॉग स्कावड को भी बुलाया जाकर घटनास्थल का निरीक्षण करवाया गया।

गठित टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरा, अन्य तकनीकी कार्य का विश्लेषण तथा क्षेत्र के संदिग्ध व्यक्तियों से लगातार बारिकी से पुछताछ करना प्रांरभ किया। टीम द्वारा लगातार 04 दिनों तक ग्राम धरमपुरा में कैम्प किया जाकर आसपास की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की गयी। इसी दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम धरमपुरा के दुर्गाराम उर्फ भोला चंद्रवंशी के द्वारा जैतखंभ को आग लगा दिये जाने संबंधी चर्चा की है, कि उक्त जानकारी के आधार पर दुर्गाराम चंद्रवंशी को तलब कर बारिकी से पुछताछ करने पर अपने अन्य साथी सनिल यादव के साथ घटना को कारित करना स्वीकार किया। जिसके आधार पर सनिल यादव की पतासाजी कर पुछताछ किया। पुछताछ दौरान दोनो व्यक्तियों द्वारा बताया कि दिनांक 03.01.2021 की रात्रि करीबन् 08ध्00 बजे शनि मंदिर के पास दुर्गाराम बैठा हुआ था, कि उसी समय सनिल आया और आपसी बातचीत में ग्राम धरमपुरा पूर्व से चल रहे विवाद के आधार पर दैहान में स्थित जैतखंभ को जलाने की योजना बनाये और योजना मुताबित दुर्गाराम ने अपने दुकान में रखे मिट्टी तेल के जेरीकेन को लाकर मिट्टी तेल एवं माचिस लेकर दोनो अपने-अपने मुंह को गमछे से बांधकर मोटरसायकल मे बैठकर रात्रि करीबन् 01 बजे घटना को कारित किया जाना बताया। जिसके आधार पर दोनो आरोपियो की विधिसंगत् गिरतारी कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।

## समाज से बहिष्कृत परिवार ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**गंडई पंडरिया।** गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम लालपुर के पटेल समाज द्वारा एक परिवार को समाज से बहिष्कृत कर दिया गया है इससे पीड़ित परिवार अपने लिए अपने आप को मानसिक रूप से प्रताड़ित व अपमानित महसुस कर रहे है पीड़ित परिवार ने गाँव के ही समाज के सात लोगो के खिलाफ गंडई थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराते हुये पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है और उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। ग्राम लालपुर निवासी मनोहर पटेल पिता सुखदेव पटेल ने गाँव के पटेल समाज के सात लोग क्रमश गंगाराम, लखानी पटेल, कोंदा पटेल, मुकेश पटेल, सरजलाल पटेल, गयालाल पटेल व देवकुमार विश्वकर्मा के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराते हुये लिखित शिकायत की है उक्त सभी लोग एक राय होकर तीन माह पहले उन्हे समाज से बहिष्कृत कर दिये है और किसी भी काम मे पुछ परख नहीं कर रहे है शिकायतकर्ता के अनुसार डेढ़ माह पूर्व उनकी बड़ी माँ जिल्लों बाई का निधन हुआ था तो उक्त लोगो ने उन्हे कार्यक्रम मे सामील नहीं होने दिया बल्कि जब वे अपनी बड़ी माँ के निधन पर मुंडन कराना चाहा तो सभी लोगो ने एक राय होकर यह कह दिया की आप यहाँ पर मुंडन नहीं करा सकते काही भी जाकर मुंडन करा लो इस तरह वे पचास गाँव के 500 लोगो के बीच अपने आप को मनसिक रूप से प्रताड़ित और अपमानित महसूस किए है। इसी प्रकार समाज के ही अमरू पटेल, ब्रिजलाल पटेल के निधन पर भी उनके परिवार को सूचना नहीं दी गई और उन्हे कार्यक्रम से दूर रखा गया इस तरह मनोहर पटेल का परिवार अपने आप को अपमानित महशुस कर रहा है पुलिस को लिखित शिकायत मे बताया गया है की जाती समाज से बहिष्कृत किए जाने का मूल कारण जमीन विवाद है। शिकायतकर्ता ने बताया की वे अपने पूर्वजो के जमीन पर्व अब के आधार पर बटवारा चाहता है लेकिन उक्त लोग कास्त कब्जा अनुसार बटवारा कराना चाहते है इस कारण समाज से बहिष्कृत कर दिया गया है। इस पूरे मामले मे थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा का कहना है की आवेदन मिला है संबंधितों को 10 जनवरी को बुलाया गया है बयान के आधार पर उचित कार्यवाही किया जाएगा।

# ठग गिरोह के सदस्यों से दो बाइक व जेवर बरामद

**कवर्धा (नवप्रदेश)।** चिल्फी ग्राम में रकम दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करके सोने के जेवरात व रकम लेकर पांच आरोपी फरार होने की घटना पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक कबीरधाम शलभ सिन्हा के द्वारा चिल्फी व भोरमदेव थाने की सयुक्त टीम गठित किया गया था । टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुवे विभिन्न स्थानों से गिरोह के पांच सदस्यों को गिरतार करने में सफल रही । लेकिन ठगी का मास्टर माइंड बाबा उर्फ बिनोद की गिरफ्तारी नही हो सकी थी ।

टीम के द्वारा सायबर सेल की मदत से व गिरतार आरोपियों से मिली इनपुट के आधार पर मध्यप्रदेस के जिला सिवनी लखनादौन इलाके के आस पास कैम्प करते हुवे वहाँ के भौगोलिक परिस्थिति व परिधानों व स्थानीय भाषा शैली अपनाते हुए अपने आप को ढालकर मुख्य आरोपी की पहचान उजागर करने में सफल रही ।

कल दिनांक को विश्वस्त मुखबिर से सूचना मिली कि ठगी का मुख्य आरोपी बाबा उर्फ दादूराम उर्फ आकाश उर्फ बिनोद गोस्वामी पिता दमड़ी गोस्वामी उम्र 26 वर्ष सलैया जिला सिवनी (मध्य प्रदेश) पुनः घटना करने के फिराक में बिछिया के आस पास घूम रहा । सूचना को पुलिस अधीक्षक महोदय को सूचित करते हुवे तत्काल रवाना होकर आरोपी को हिरासत में लेकर पुछताक्ष करने पर अपराध करना स्वीकार करते हुवे क्षुपाकर रखे सोने के झुमका , मंगलसूत्र , गेहू दाना , मोती व अन्य जेवरात बरामद किया गया । विवेचना क्रम में गिरोह के द्वारा पूर्व में किये गए अन्य स्थानों पर किये गए ठगी का पता लगाया जा रहा । 'पूर्व में गिरतार आरोपी' रितु साहू पिता तुलाराम साहू उम्र 27 वर्ष साकिन सिलाटी, , प्रभु गोस्वामी पिता प्रेम गोस्वामी उम्र 32 वर्ष पौड़ी । , कन्हैया और कान्हा मरावी पिता परदेशी राम मरावी उम्र 29 वर्ष साकिन दशरंगपुर पौड़ी ,विजय गोस्वामी पिता द्वारिका गिरी गोस्वामी उम्र 35 वर्ष थाना धूमा जिला सिवनी ,उमेश गोस्वामी अशोक गिरी गोस्वामी उम्र 22 वर्ष सलैया जिला सिवनी मध्यप्रदेश ।

## पंचायत सचिव व रोजगार सहायकों ने भीख मांग कर किया धन संग्रह

**साजा।** ग्राम पंचायत सचिवों व रोजगार सहायकों की चल रही सामूहिक हड़ताल में आज शुक्रवार को अपनी मांगों लो लेकर आज भीख मांग कर धन संग्रह किया गया। हड़ताल को अनेक संगठनों का समथन मिल रहा है तथा शासन से मांग किया कि सचिव व रोजगार सहायक की जायज मांगो को शीघ्र पूरा करे। आज जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, ब्लॉक ससंयोजक टीकम वर्मा, नीलकमल, निर्मल, सुरेश, शिव, अर्जुन, शम्भु, पवन, हिंच्छा, महेश, जनक, नामित, हेमिन, हिरोड़ी सहित सभी सचिव व रोजगार सहायक अध्यक्ष माधो मानिकपुरी, लवकुश, रामकुमार, राजेश, देवनाथ, रोहित, रेखा, सुनिति, रागनी सहित सभी रोजगार सहायक उपस्थिति थे।

## जिला यातायात पुलिस ने एक ही दिन में की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**नवप्रदेश संवाददाता**

**भाटापारा।** जिला यातायात प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में कृषि महाविद्यालय के पास यातायात की टीम ने यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले 204 वाहन चालको के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उनसे 52 हजार रूपये का समन शुल्क वसूल किया है जो एक ही दिन में की अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही है। पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला के निर्देशन पर शुक्रवार को जिला यातायात की टीम ने भाटापारा के समीप कृषि महाविधालय के पास दिन भर यातायात नियमो का उल्लंघन करने,बिना हेलमेट लगाने वाले, दू पहिया वाहनों में 3 सवारी चलने वाले,बिना नम्बर की गाड़ी चलाने वाले,बिना लायसेंस चलने वाले,सीट बेल्ट का इस्तमाल नही करने जैसे मामलो में शुक्रवार को दिन भर जिला यातायात प्रभारी पी के सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। इस दौरान 204 वाहन चालको के खिलाफ हुई चलानी कार्यवाही में 52 हजार रूपये का जुर्माना स्वरुप समन शुल्क वसूल किया गया। दिन भर चली कार्यवाही के दौरान दू पहिया गेयर वाली गाड़ी में नाबालिक बच्चे भी यातायात टीम की सपड में आये जिन्हें अभिभावको पालको को बुलाकर यातायात प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने समझाइस देकर भविष्य में इस प्रकार की गल्ती ना दोहराने की बात कह छोड़ा गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

ब्रिटेन वेरिएंट से...

उन्हें 7 दिन के लिए इंस्टिट्यूशनल क्वारन्टीन किया जाएगा और फिर 7 दिन के लिए होम क्वारन्टीन किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने यह आदेश ट्रायल बेसिस पर 14 जनवरी तक के लिए जारी किया है।

अमेरिका और ब्रिटेन से कोरोना की वैक्सीन नहीं लेगा ईरान : खमैनी

ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला अली खमैनी ने अमेरिका और ब्रिटेन से कोरोना वैक्सीन के आयात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। खमैनी ने शुक्रवार को टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में कहा, 'कोरोना वायरस (कोविड-19) से संबंधित दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि अमेरिका और ब्रिटेन से कोरोना वैक्सीन के आयात पर प्रतिबंध लगाया जाता है।'ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता कियानुश जहानपुर ने कहा कि ईरान खुद से कोरोना वायरस (कोविड-19) की वैक्सीन विकसित कर रहा है। आगामी बसंत ऋतु में स्वदेशी कोरोना वैक्सीन के आने की उम्मीद है। गौरतलब है कि कोरोना महामारी से गंभीर रूप से जूझ रहे अमेरिका और ब्रिटेन में दवा निर्माता कंपनी फाइजर और मॉडर्ना की कोरोना वैक्सीन को मंजूरी मिल चुकी है और दोनों ही देशों में बड़े पैमाने पर कोरोना के टीकाकरण का अभियान भी शुरू हो चुका है।

**किसानों को...** के अलावा कोई विकल्प दिया जाए, परंतु कोई विकल्प नहीं मिला। तोमर ने कहा कि सरकार ने बार-बार कहा है कि किसान संगठन अगर कानून वापस लेने के अलावा कोई विकल्प देंगे तो हम बात करने को तैयार हैं।

**सरकार कानून से चलती...**निर्णय लेना चाहिए था। झारखंड हाईकोर्ट शुक्रवार को लालू प्रसाद के जेल मैनुअल का उल्लंघन करने से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था। कोर्ट ने दिया था अंतिम मौका :

पिछली सुनवाई में सरकार की ओर से लालू प्रसाद के निदेशक बंगला में शिफ्टिंग और सेवादार दिए जाने के मामले पर सरकार की ओर से स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी थी। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए आठ जनवरी को जानकारी देने का अंतिम मौका दिया था।

**अब आर्मी स्टाफ...** तहत आज यह ऑनलाइन पोर्टल लांच किया गया है। ''


भारतीय सेना में शामिल हों
JOIN INDIAN ARMY
RECRUITING DIRECTORATE WEBSITE:
www.joinindianarmy.nic.in

भारतीय थल सेना में जूनियर कमीशन अफसर (धर्म शिक्षक) बनें

1. भारतीय थल सेना में धर्म शिक्षक के रूप में जूनियर कमीशन अफसर बनने के लिए धर्म शिक्षक भर्ती 91, 92, 93, 94 और 95 पाठ्यक्रम के लिए भारतीय पुरूष उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।
2. ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण 11 जनवरी 2021 से प्रारम्भ है।
3. ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 09 फरवरी 2021 है।

BECOME A JUNIOR COMMISSIONED OFFICER (RELIGIOUS TEACHER)

1. Applications are invited from male Indian candidates for recruitment as Religious Teacher in the Indian Army as a Junior Commissioned Officer for RRT -91,92,93,94&95.
2. Online applications registration will open from 11 Jan 2021.
3. Last date for online application registration is 09 Feb 2021.

नोट : 1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन के लिए, कृप्या www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

Note 1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in

davp 10601/11/0015/2021


### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रेमसुख पिता बहल सिंह निवासी देवरी तह. गुण्डरदेही मौजा चन्दखुरी प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 1221/4 रकबा 1089 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार हितेन्द्र देशमुख पिता अगतराम देवांगन से दिनांक 28.12.2020 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 19.01.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार/व्यक्तिगत-सूचना

रा.प्र.क्र.//अ-6/वर्ष 2020-21
ई.पंजी.20201210070038

प्रति,

1. श्री बी.एस. नायक आ. श्री समारुराम नायक, निवासी न्यू आदर्श नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग।

2. श्री ईतवारी राम ठाकुर आ. झुमुकलाल ठाकुर निवासी से-6 भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग

विषय- न्यायालय तहसीलदार में मा.क्र. 20201210070038, अ-06/ वर्ष 2020-21 में उपस्थित होने बाबत्।

एतद् द्वारा इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदकगण 1. श्रीमती अनिला भेड़िया पति श्री रविन्द्र कुमार भेड़िया, 2. विकास भेड़िया पिता श्री रविन्द्र कुमार भेड़िया, 3 जतिन भेड़िया पिता श्री रविन्द्र कुमार भेड़िया सभी निवासी न्यू आदर्श नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 23 अ रा.नि.मं. दुर्ग 01 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 134/6, 134/7 रकबा 0.028 हे. 3000 वर्गफीट परिवर्तित लगान 30 रुपए भूमि जो कि वसीयतकर्ता खिलानंद भेडिया आ. श्री पूरन सिंह भेडिया के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी खिलानंद भेड़िया आ. श्री पूरन सिंह भेडिया के द्वारा दिनांक 06.12.1999 को रजिस्टर्ड वसीयत आवेदक वसीयत प्राप्तकर्ता आवेदकगण के क्र. 01 के पति तथा 2,3 के पिता रविन्द्र कुमार भेडिया पिता श्री खिलानंद भेडिया के पक्ष में पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया। आवेदित भूमि के भूमिस्वामी व वसीयतकर्ता खिलानंद भेडिया आ. श्री पूरनसिंह भेडिया की मृत्यु दिनांक 01.06.2019 को हो जाने तथा वसीयत प्राप्तकर्ता रविन्द्र कुमार भेडिया आ. खिलानंद भेडिया की मृत्यु 05.10.2020 को हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर/दावा पेश करना हो तो पेशी दिनांक 15.01.2021 तक स्वयं अथवा स्वयं के द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति-आक्षेप पेश कर सकते है, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.01.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से यह उद्घोषणा प्रकाशन हेतु जारी किया है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

प्र.क्र./189/अ-2/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती गीता पदमिनी पति श्री एस. कुमार स्वामी निवासी चरोदा तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम चरोदा प.ह.न. 57 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 276/17 रकबा 0.014 हें. अर्थात 1500 वर्गफीट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 31.12.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सरयू सौरभ दुबे पिता सौरभ दुबे निवासी म.न. 34 सुंदर नगर दुबे प्रोविजन स्टोर्स के पास रायपुर जिला रायपुर के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम भोथली प.ह.न. 58 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 214/16 रकबा 0.0186 हें. अर्थात 2000 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.01.2021 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-27/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202012101600033

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका उषा चंद्राकर पिता/पति गोकुल चंद्राकर निवासी ग्राम उमदा भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम सिरसाकला प.ह.न. 02 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 113, 720 रकबा 1.87, 0.05 हे भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के आधार पर खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 25.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 26.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती ज्योति वर्मा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20210110400055

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती ज्योति वर्मा पति श्री सी.पी. वर्मा निवासी दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग | 656/7 657/6 | 0.020 हें 2500 वर्गफीट | आवासीय |

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री नवीन कुमार साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20210110400056

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री नवीन कुमार साहू आ. श्री गनपतराम साहू निवासी नेहरु नगर भिलाई तहसील व जिला रायपुर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग | 718/2 718/7 | 0.030 हें 0.030 6450वर्ग | आवासीय |

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पार्टनर सजल जैन पिता देवेन्द्र जैन निवासी ग्राम गांधी चौक जैन गली दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 80/298 रकबा 0.327 हे. भूमि को विक्रेता पार्टनर संतोष गोलछा पिता केवलचंद गोलछा अन्य 01 निवासी ग्राम मालवीय नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 05.01.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पार्टनर सजल जैन पिता देवेन्द्र जैन निवासी ग्राम गांधी चौक जैन गली दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 80/24 रकबा 0.079 हे. भूमि को विक्रेता पार्टनर संतोष गोलछा पिता केवलचंद गोलछा अन्य 01 निवासी ग्राम मालवीय नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 05.01.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

## न्यूज गैलरी

### सचिव संघ एवं रोजगार सहायक संघ ने किया हवन पूजन

**खरोरा।** आज छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आह्वान पर जनपद इकाई पंचायत सचिव संघ तिल्दा नेवरा अनवरत 12 वां दिन अपने एक सूत्रीय 02 वर्ष परिवीक्षा अवधि पश्चात शासकीय करण हेतु धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं ।सांथ ही ग्राम रोजगार सहायक संघ भी कंधे से कंधा मिलाकर समर्थन करते हुए अपने 3 सूत्री जायज मांगों को लेकर हड़ताल पर डटे हुए हैं ।आज प्रांतीय निर्देशानुसार माननीय मुख्यमंत्री महोदय को सद्बुद्धि दिलाने के लिए तथा हम सब की मांगों के उचित निराकरण करने हेतु हवन ,यज्ञ ,पूजा किया गया ।गौ माता को प्रसाद खिलाया गया।हमारे 3 ऊर्जावान साथियों द्वारा हवन के पूर्व मुंडन कराकर विरोध प्रदर्शन किया गया ।साथ मे शत प्रतिशत पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक साथी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हमारे जनपद इकाई तिल्दा नेवरा से पंचायत सचिव की ओर से अध्यक्ष श्री चिन्तामणी साहू,उपाध्यक्ष श्री विष्णु देवांगन, कोषाध्यक्ष श्रीमति डिगेश्वरी वर्मा, सचिव श्री कोमल प्रसाद साहू ,मीडिया प्रभारी श्री राकेश कुमार साहू, ग्राम रोजगार सहायक संघ से श्री पूनम चंद आडिल साहू,सचिव शाखाराम कोशले,और अन्य पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक भी यज्ञ में पूर्णाहुति प्रदान किया ताकि माननीय मुख्यमंत्री जी को मां सरस्वती और यज्ञ भगवान सद्बुद्धि प्रदान करें और उचित पहल करें।यज्ञ कार्यक्रम में श्री शत्रुहन वर्मा पंचायत सचिव व रिपुसूदन तिवारी जी रोजगार सहायिक मुख्य यजमान की भूमिका अदा किए।श्री रिपुसूदन तिवारी ग्राम रोजगार सहायक के द्वारा मंत्रोच्चारण कर यज्ञ सम्पन्न कराया गया।

### भागवत ज्ञान यज्ञ समारोह 15 से

**खरोरा।** श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ समारोह का 15 जनवरी से 23 जनवरी तक आयोजन किया गया है । स्थान भगवती आरा मिल के पास रेस्ट हाउस के पीछे केसला (खरोरा) जिसमें कथावाचक पंडित चंदन प्रसाद शर्मा पथरी (सिलयारी) वाले हैं । कथा श्रवण का समय दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक । यह आयोजन नगर पंचायत खरोरा एवं ग्राम केशला के समस्त ग्रामवासी सहयोगी वार्ड क्रमांक 14 के समस्त कार्यकर्ता एवं महिला मंडल के सदस्यगण किया ।

### भ्रष्ट उद्योगपतियों की भ्रष्ट पार्टी है भाजपा : राजेंद्र साहू

**खरोरा।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महामंत्री राजेन्द्र साहू के नेतृत्व में एक रुपया एक पैली धान देकर बढ़ाएं किसानों का सम्मान मुहिम के तहत धान खरीदी केंद्र मोहरेंगा में किसानों से एक रुपया और एक पैली धान इक्कट्ठा कर दिल्ली में बैठे किसानों के हक की लड़ाई के आंदोलन में छत्तीसगढ़ के किसानों से सहयोग मांगा गया। वही राजेन्द्र साहू ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रदेश भर में धान खरीदी केंद्रों में जाकर किसानों से एक रुपया और धान दिल्ली में आंदोलन में बैठे किसानों के लिए धान इकट्ठा किया जा रहा है । कार्यक्रम में जिला रायपुर कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष उधोराम वर्मा,खरोरा ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, मंडलदास गिलहरे,शशांक चंद्राकर,कुलेस्वर साहू, मीडिया प्रभारी कुलेश्वर साहू, महिला ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमिटी सरोजनी वर्मा,बनवालीराम सान, धनवार सिन्हा,रज्जू यादव, महेंद्र मानिकपुरी,सुकमा सिन्हा व अन्य किसान मौजूद रहे ।वही किसानों का भी उन्हें बहुत समर्थन मिला। जिसमे करीब 300 किलोग्राम धान व 2000 नगद एकत्र किया गया। वही राजेन्द्र साहू ने कहा कि भाजपा पार्टी भ्रष्ट उद्योगपतियों की पार्टी है वही कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही किसान हितैषी रही है ।

### लोकार्पण एवं तीनदिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता समापन समारोह में भिलौरी पहुंचे विधायक आशीष छाबड़ा

**बेमेतरा।** बेरला ब्लाक के ग्राम भिलौरी में आयोजित लोकर्पण एव त्रि-दिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता समापन समारोह में मुखूय आतिथ्य बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुये।सर्वप्रथम विधायक आशीष छाबड़ा एवं उपस्तिथ अतिथिगणों द्वारा भगवान श्री रामचंद्र जी के श्री चरणों में नारियल पुष्प चढ़ाकर पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियो की खुशहाली की कामना की। साथ ही विधायक श्री छाबड़ा ने विधायक निधि से स्वीकृत सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य 2 लाख, पशु आश्रय स्थल निर्माण कार्य 5.99 लाख रुपये का फीता काट लोकर्पण किये। साथ ही मुखूय मार्ग से आगनबाड़ी पहुँच मार्ग निर्माण कार्य 19.95 लाख, विधायक निधि से स्वीकृत छोटे भिलौरी में सांस्कृतिक मंच निर्माण 1.50 लाख एवं अधूरा कर्मा भवन पूर्ण छत ढलाई निर्माण कार्य 3 लाख रुपये का नारियल तोड़ भूमिपूजन किये।

### विधायक आशीष छाबड़ा के कर कमलों से हुआ नवीन पँचायत भवन ओटेबंध का लोकर्पण

**बेमेतरा।** बेमेतरा ब्लाक के ग्राम ओटेबन्ध में आयोजित लोकर्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा शामिल हुये। सर्वप्रथम विधायक एवं अतिथिगणों के द्वारा पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहेब की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियो की खुशहाली की कामना की। विधायक श्री छाबड़ा ने ग्राम ओटेबंध को 45 लाख रुपये के विकास कार्यो का सौगात देने पर विधायक का आभार व्यक्त किया गया। विधायक आशीष छाबड़ा के कर कमलों से नवीन पँचायत भवन निर्माण कार्य 14.50 लाख, मुक्तिधाम में प्रतीक्षालय निर्माण कार्य 4.79 लाख, गौठान में सहड़ा देव मूर्ति निर्माण 50 हजार एवं बस्ती पहुँच मार्ग निर्माण कार्य 20 लाख रुपये का फीता काट लोकर्पण किये, साथ ही पशु आश्रय स्थल गौठान निर्माण कार्य 6.50 लाख रुपये का नारियल तोड़ भूमि पूजन किये।

# 2004 में प्रारंभ समाज सेवी संस्था 'संजीवनी रक्तदान संघ' के 18 वर्ष पूर्ण

नवप्रदेश संवाददाता

**खरोरा।** 2004 से प्रारंभ हुए समाज सेवी संस्था संजीवनी रक्तदाता संघ आज लगभग 18 वर्ष पूर्ण कर रहा है जिसने निरंतर समाज सेवा के क्षेत्र में अनेकों कार्य किए है जिसमें सबसे सर्वोपरि रक्तदान है।

रक्तदान की शुरुआत पहले तिल्दा नेवरा से किया गया और आज संस्था के कार्यो को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी जुड़ते जा रहे हैं जो कि इस संस्था की बहुत बड़ी उपलब्धि है।

इस समाजसेवी संस्था का संचालन करने वाला भी एक निशक्त व्यक्ति है जिन्होंने ने एक छोटे से पान ठेले से इसकी शुरुआत की और अपने मेहनत लगन परिश्रम के बल पर अपने ठेले को एक नया रूप देकर लक्की डेली नीडस मैं परिवर्तन किया और अपने दुकान में आने वाले ग्राहकों एवं अपने मित्रों को

इस पुण्य कार्य में जुड़ने हेतु प्रेरित किया और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में युवा वर्ग को आगे लाया जिसके अंतर्गत युवा एवं युवतियों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते हुए सदस्य जोडो महा अभियान का शुभारंभ किया गया।

हाल ही में नव वर्ष के शुभ अवसर पर अपने छोटे भाई को रक्तदान करते देख उनसे प्रेरणा लेते हुए एक नयी महिला सदस्य कु हेमा साहू पुरानी बस्ती रामायण चौक नेवरा निवासी ने संस्था में पदार्पण किया । इस अवसर पर संजीवनी रक्तदाता संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान ने नए सदस्य का हौसला अफज़ाई किया और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनसे निवेदन किया कि वे कोहका महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को भी रक्तदान करने के लिए जागरूक करेंगे एवं सदस्यता भी दिलाएंगे जिससे कि तिल्दा ब्लॉक के प्रत्येक गांव के युवा और युवतीयां जीवनदायिनी ग्रुप में जुड़ कर मानव सेवा कर सके।

# कोविड 19 टीकाकरण मॉक ड्रिल का हुआ सफल आयोजन

■ **जिले में तीन स्थानों में हुआ कोविड-19 का ड्राई रन**

**गरियाबंद।** शासन के निर्देशानुसार कोविड-19 के टीकाकरण की शुरूवात जल्द किया जाना है। इस हेतु जिला प्रशासन के निर्देशन में समस्त प्रशिक्षण एवं तैयारिया पूर्ण की जा चुकी है। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्री निलेश क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओं श्री चंद्रकांत वर्मा से प्राप्त निर्देशानुसार जिले में कोविड 19 टीकाकरण के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन एवं तैयारियों का आंकलन व कोविड 19 टीकाकरण में होने वाले दिक्कतों के

निराकरण हेतु आज दिनांक 08 जनवरी को जिलें के तीन विकासखण्ड गरियाबंद, छुरा और फिंगेश्वर में मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.आर. नवरत्न ने बताया कि गरियाबंद विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल नहरगांव, छुरा विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खड़मा व फिंगेश्वर विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फिंगेश्वर में मॉक ड्रिल का सफल आयोजन कोविड प्रोटोकॉल दो गज दूरी, हाथ साबुन से धोना तथा मास्क पहनना का पालन करते हुए किया गया। इस दौरान 79 व्यक्तियों को कोविड 19 टीकाकरण के क्रियान्वयन संबंधी समस्त कार्यवाही की गई। मॉक ड्रिल के दौरान कोविड 19 टीकाकरण नोडल अधिकारी श्रीमती ऋक्षा ठाकुर, द्वारा तीनो कोविड 19 टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया गया एवं टीकाकरण के समस्त प्रक्रियाओं का जायजा लिया गया। इस कार्य में लगे अधिकारी/कर्मचारी के दायित्वों के संबंध में जानकारी लेते हुए टीकाकरण के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान श्रीमती ऋक्षा ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. एन. आर. नवरत्न, जिला-टीकाकरण अधिकारी, डॉ. बी.बारा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ रीनालक्ष्मी, डब्ल्यू.एच.ओ डॉ. नितिन पाटिल, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, सेक्टर सुरपरवाईजर आदि उपस्थित रहे।

### मौसम में बदलाव : कहीं, बूंदाबांदी तो कहीं अचान बढ़ गई ठंड

**खरोरा।** मौसम में लगातार बदलाव होने के कारण ठंड में इजाफा हुआ है । सुबह से मौसम ने फिर करवट ली इसके कारण दिन में कई बार हल्की बूंदाबांदी हुई इससे ठंड बढ़ गई है ,लेकिन बादल होने के कारण तापमान में इजाफा दर्ज किया गया है। इस माह की शुरुआत से ही मौसम बदल रहा है दिनभर सूरज बादलों में छुप रहा तो कुछ स्थानों पर बरसात के छीटें भी पड़े । सर्दी के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। इसका असर बाजार पर भी दिखाई दे रहा है ।

### विधायक का पुतला फूंकने वालों का हुआ पार्टी से निष्कासन

**गरियाबंद।** जिले के मैनपुर और गोहरपदर मे विधायक का पुतला फूंकने वालों पर संगठन ने कड़ी कारवाई कर पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाते हुए उन्हे पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से भी निलंबित कर दिया है द्यविदित हो की कल ही कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष,ब्लॉक अध्यक्ष एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने संगठन से दोषियों पर तत्काल कड़ी कारवाई की माँग की थी। युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सरकार ने मैनपुर और गोहरपदर मे वरिष्ठ एवं सम्मानीय नेताओं के पुतला दहन करने वालो को युवक कांग्रेस और पार्टी से निष्कासित कर बाहर का रास्ता दिखा दिया और साथ ही पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी निलंबित कर दिया द्य चर्चा मे आगे संदीप सरकार ने कहा की हमारे वरिष्ठ नेता एवं विधायक जी निरगुट स्वभाव के है जिला में किसी भी मामले में

हस्तक्षेप नही करते है साथ ही राजनीति में अधिक अधिक युवाओ को आगे लाने में मदद करते है ऐसे जनप्रिय नेता के खिलाफ जाकर अनुशासन हीनता बरतते हुए उनका पूतला दहन करना बर्दाश्त के बाहर है घोर निन्दिनीय है। ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति में उनको पूणतः बदनाम करने की और उनके छवि को खराब करने साजिश की गई है बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा मे ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति पूर्ण रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं बिंद्रानवागढ़ के उच्च पदों पर बैठे कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ की सहमति से निर्णय की जिम्मेदारी दी गई थी एवं उनके द्वारा ही अनुंसशा किया गया है। साथ ही जिन युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों का नाम इस कृत्य में सामने आए है उनमे देवानंद राजपुत और तनवीर राजपूत दोनों को युवा कांग्रेस का प्राथमिक सदस्य है दोनों को निष्कासित किया जाता है साथ ही अल्तमस खान जो कि वर्तमान में जिला युवा कांग्रेस के महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वाह करते हुए कांग्रेस पार्टी में रहते हुए ऐसे कार्य उनके द्वारा किया गया है जिस पर उनको तत्काल पद मुक्त कर आगे की कार्यवाही के लिए गरियाबंद जिला के प्रभारी को अवगत करा दिया गया है।

## किसानो को मोदी सरकार कर रही गुमराह लेकिन प्रदेश में भूपेश है तो भरोसा है -बघेल

**डोंगगरढ़।** प्रदेश की सोसायटीयों में बारदाने की कमी को लेकर भाजपा व कांग्रेस दोनो ही पार्टी के नेताओ द्वारा एक दुसरे पर आरोप - प्रत्यारोप लगाया जा रहा है इसी कडी में भाजपा द्वारा प्रदेश सरकार के किसानो को बारदाना ना उपलब्ध ना कराने का उपर लगाए गए आरोप को बेबुनियाद बताते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर क्षेत्रीय विधायक भूनेश्वर बघेल ने यहा प्रेसवार्ता कर कहा कि केद्र में बैठी मोदी सरकार देश में 3 कृषि बिल लाकर किसानो को गुमराह कर रही है और छ.ग में धान खरीदी प्रभवित हो इस उदेश्य से प्रदेश सरकार द्वारा बारदाने की मांग को पुरा नही किया जा रहा है भाजपा द्वारा किसान विरोधी कार्य कारण प्रदेश में जनता ने इन्हे चुनाव में सबक सिखाकर सत्ता से हटा दिया

है । विधायक श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी जिसके सभी विधायक किसान परिवार से है देश में पहला ऐसा राज्य है जहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानो का धान 25 सौ रूपए क्विटल के हिसाब से लेंने का निर्णय लिया है जिसे भाजपा के नेता पचा नही पा रहे है और भाजपा की नरेद मोदी सरकार इसमें रोक लगाने के उदेश्य से बारदाना देने में कटौती कर रही है लेकिन प्रदेश में भूपेश है तो भरोसा है । विधायक श्री बघेल ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानो का दाना -दाना खरीदने के लिए केद्र सरकार से 350 लाख बारदाने की मांग की लेकिन जैसे ही प्रदेश में किसानो को 25 सौ समर्थन मुल्य देने की खबर मिली केद्रं की मोदी सरकार ने बारदाने में कटौती कर केवल 145 लाख बारदाने ही देने की स्वीकृती दी। जिस वजह से प्रदेश के किसानो को धान बेचने परेशानी हो रही है।

### सघन टी.बी. खोज अभियान 12 जनवरी से 15 फरवरी तक

**गरियाबंद।** शासन द्वारा दिये गये निर्देशन में राष्ट्रीय क्षय उन्मुलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के समस्त उच्च जोखिम समुह जैसे जेल, खदान , स्लम क्षेत्र , राईस मिल , फैक्ट्री , वृद्धाश्रम, व समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में सघन टी.बी. खोज अभियान 12 जनवरी 2021 से 15 फरवरी 2021 तक आयोजित किया जाना है। इस अभियान हेतु खोजी दल एवं दल पर्यवेक्षक बनाकर समस्त विकासखंडों को कार्य संपादन हेतु जिला कार्यालय से आदेशित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.आर.नवरत्न द्वारा बताया गया कि उच्च जोखिम समुह में निवास एवं कार्य करने वाले व्यक्तियों में टी.बी. की संभावना अधिक होती है।

## छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने पिछड़ा वर्ग से संबंधित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की

■ **जिले में पिछड़ा वर्ग छात्रावास खोलने हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश**

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू ने आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में पिछड़ा वर्ग के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अपने एक दिवसीय दौरे के अंतर्गत विभिन्न विभागों के पिछड़ा वर्ग से संबंधित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य शासन हर वर्ग के लिए काम कर रही है। उनके लिए कई योजनाएं संचालित की गई है।

पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए भी कार्य किया जा रहा है। बैठक में श्री साहू ने विभिन्न विभागों के कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि पिछड़ा वर्ग के छात्रा-छात्राओं को भी अनुसूचित जनजाति छात्रावास में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने जिले में पिछड़ावर्ग छात्रावास खोलने के लिए सहायक आयुक्त को प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिये है, साथ ही छात्रावृत्ति के लिए न्यूनतम आय सीमा को भी बढ़ाने के लिए पहल करने के निर्देश दिये। श्री साहू ने क्रिमिलेयर सर्टिफिकेट के लिए निर्धारित आय सीमा आठ लाख रूपये अंतर्गत वार्षिक आय प्रमाण पत्र शासन के निर्देशों के अनुरूप बनाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि कोई भी छात्र जाति और आय प्रमाण पत्र बनाने न भटके। बैठक में कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत वर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने विभिन्न विभागों की योजनाओं और जिले में उनकी प्रगति के बारे में बताया।

आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू ने श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं विश्वकर्मा दुर्घटना मृत्यु पर अनुग्रह व अंत्येष्टि योजना, नैनिहाल छात्रवृत्ति प्रोत्साहन, भगिनी प्रसूति सहायता योजना, निर्माण श्रमिक दुर्घटना व दिव्यांग सहायता योजना में अधिक से अधिक पंजीकृत श्रमिकों को लाभ देने कहा है।

### ग्राम बुंदेली में मनाई गई बाबा गुरुघासीदास की जयंती

**बेमेतरा।** ग्राम बुंदेली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक व संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस कमेटी संबलपुर के अध्यक्ष रामबिहारी राजपुत ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशील साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नांदघाट, झम्मन बघेल किसान कांग्रेस अध्यक्ष उपस्थित रहे। ग्रामवासियों के द्वारा डीजे और गाजे-बाजे के साथ संसदीय सचिव व अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। उनके द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी के पूजा अर्चना व जैतखंभ में ध्वजारोहण के साथ किया गया। स्वागत भाषण उपसरपंच वजन लाल भारती ने दिया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि गुरुदयाल सिंह बंजारे ने कहा कि हम सब को बाबा जी के बताये हुए रास्ते में चलना चाहिए और सत्य, अहिंसा से भरे समतामूलक समाज की स्थापना का संकल्प लेना चाहिए तभी बाबा जी के सिद्धांतों का सही मायनों में अनुसरण होगा और सतनामी समाज का महत्व होगा। बाबा घासीदास जी का आशीर्वाद आप सब भी क्षेत्रवासियों को हमेशा मिलता रहे यही कामना करता हूँ। उन्होने कहा कि कोरोना काल मे भी शासन की ओर से मूलभूत सुविधा में कमी नही होगी। किसानो को भी चिंता करने की आवश्यकता नही है क्योंकि हमारे मुख्यमंत्री स्वयं एक किसान है जो किसानों की परेशानियों को भली-भांति समझते है।

## सचिव व रोजगार सहायक संघ की हड़ताल को लगातार मिल रहा समर्थन

■ **बड़ी संख्या में यूनियन के पत्रकार पहुंचे धरना स्थल**

**गरियाबंद।** छ.ग.जर्नलिस्ट वेलफेयर युनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम के निर्देशानुसार गरियाबंद जिला ईकाई के यूनियन से जुड़े पत्रकारों ने आज 13 दिनों से अपनी शासकीय करण की एक सुत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे सचिव संघ और रोजगार सहायक संघ के धरनास्थल पर जाकर मांगो को जायज बाताते अपना समर्थन दिया है । समर्थन देने मंच मे पहुंचे सभी पत्रकारों का सचिव संघ द्वारा स्वागत किया गया।

छ.ग.जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के गरियाबंद जिलाध्यक्ष हिमांशु सांगाणी द्वारा सचिव और रोजगार सहायक संघ की उक्त मांगों को जायज बताते हुए कहा कि यूनियन की ओर से आपकी आवाज मीडिया के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करते हुए आपके समर्थन में रहेंगे ।

प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने भी बीते दिनों सचिव और रोजगार सहायक संघ को समर्थन देते हुए जल्द से जल्द उनके नियमितीकरण की मांग की है। वर्तमान सरकार से मांग करते हैं कि जिस तरह सरकार ग्राम विकास के अलावा सचिवों को अन्य सभी विभाग में कार्य करने के लिए जिम्मेदारी देती है ठीक उसी तरह सरकार को चाहिए कि वो भी सचिवों और उनके परिवार

की आर्थिक स्थिति की जवाबदेही लेते हुए उनका नियमितीकरण जल्द से जल्द किया जाये ।

जिला कोषाध्यक्ष विजय साहू ने कहा कि पिछले 13 दिनों से अपनी मांगो को लेकर हड़ताल पर बैठे सचिव और रोजगार सहायक भाइयो को समर्थन देने यूनियन से जुड़े हम सभी गरियाबंद के पत्रकार आपके बीच मौजूद हैं । इसमे कोई दोराय नहीं है कि पिछले 25 सालों से ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन करने और उसे अमलीजामा पहनाने में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है बावजूद इसके आप लोगो को आज तक आपका हक नहीं मिल पाया है ।

इतनी कम सैलेरी और संविदा कर्मचारियों के रूप में कार्य करने के बाद भी आप लोग इतनी सारी जिम्मेदारियों का निर्वहन लगातार बखूबी करते आ रहे हैं यह पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है ।

कई वादों और घोषणाओं के सहारे सत्ता में आई वर्तमान सरकार अपना दो साल का कार्यकाल पूरा कर चुकी है चुनाव के पूर्व संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की घोषण करने वाली सरकार जिन वादों और घोषणाओ के सहारे सत्ता में आई है उन्हें अब तक पूरा नही कर पा रही है हम लोग भी मीडिया के माध्यम से इस बात को लगातार सरकार तक पहुचाने का भरसक प्रयास कर रहे है और आगे भी जब तक आप लोगो की मांग पूरी नही होगी करेंते रहेंगे । आप लोगो की मांगे जल्द से जल्द पूरी हो इसी उद्देश्य से आज छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन गरियाबंद के पत्रकार साथियों की पूरी टीम आप लोगों का समर्थन करने आये है ।

यूनियन के रायपुर संभाग सचिव सुनिल यादव द्वारा कहा गया कि समूचे पूरे छत्तीसगढ़ में सचिव संघ और रोजगार सहायक संघ द्वारा अपनी मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे हैं छ.ग.जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम द्वारा आपको अपना पूरा समर्थन देते हुए हर स्थानों से लगातार 13 दिनों से चल रही हड़ताल की खबरों को उनसे जुड़े सभी पत्रकारों द्वारा प्रकाशन कर आपकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने में समर्थन कर रहे हैं ।

2 साल
बात है अभिमान के
छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के

# न्याय के दो वर्ष
## हर तरफ उन्नति
## हर चेहरे पर हर्ष

### न्याय के साथ आय
- 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' के अंतर्गत 19 लाख किसानों को 5750 करोड़ रु
- 'गोधन न्याय योजना' के अंतर्गत पशुपालकों से गोबर खरीदने वाला देश का पहला राज्य, हर माह औसतन 15 करोड़ रु का भुगतान

### समृद्ध किसान, उन्नत खेती
- किसानों का 9000 करोड़ रु का अल्पकालिक ऋण माफ
- बस्तर के लोहंडीगुड़ा में इस्पात संयंत्र के लिए अधिग्रहित 4200 एकड़ कृषि भूमि किसानों को वापस

### 21 वीं सदी का ढंग, शिक्षा के नए रंग
- 'स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल योजना' के अंतर्गत 53 स्कूलों की स्थापना
- माओवादी हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में एक दशक से अधिक समय से बंद पड़े स्कूल फिर से शुरु

### धरोहरों की सुरक्षा, पर्यटन का विकास
- राम वन-गमन परिपथ का निर्माण
- सिरपुर बौद्ध आस्था केन्द्र का विकास
- सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक केन्द्र के तौर पर देवगुड़ी की पुर्नस्थापना

### वन आश्रितों को वनाधिकार देने में अव्वल
- अब तक 51 लाख एकड़ भूमि के वनाधिकार पत्रों का वितरण
- वनोपज खरीद में अव्वल, देश में सर्वाधिक तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक, 52 लघु वनोपजों की MSP पर खरीद

### औद्योगिक विकास में अव्वल
- लॉकडाउन के दौरान आर्थिक गतिविधियाँ जारी रखने में अव्वल
- 858 नए उद्योग तथा 15000 करोड़ रु का निवेश

### स्वस्थ्य नागरिक, बेहतर इलाज
- 'डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना' के तहत प्राथमिकता एवं अंत्योदय राशन कार्डधारी परिवारों को 05 लाख रु तक तथा अन्य राशन कार्ड धारी परिवारों को 50 हजार रु तक के इलाज की सुविधा
- विशेष जरुरतों पर 'मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना' के तहत 20 लाख रु तक की सहायता

### सबका स्वास्थ्य, सबको पोषण, सब तरफ स्वच्छता
- 'मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान' के तहत एक ही साल में मलेरिया के मामलों में 65% से अधिक की कमी दर्ज
- कुपोषण निवारण में अव्वल - लगभग 15.65 % की कमी दर्ज, 77 हजार बच्चें कुपोषण से मुक्त
- 56.32 लाख परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न
- स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 – देश में सबसे स्वच्छ राज्य का खिताब

संवाद– 27461/13



श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़